उज्जैन
गुरुवार
09
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-246
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ वेंकटेश मंदिर में श्रीब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव 10 जुलाई से
7 ▸ संजू बाहर नहीं, एशियन गेम्स टीम में पहले से शामिल




# पुणे-दिल्ली में इमारत ढहीं, 16 लोग दबे

## 6 का रेस्क्यू, खंडाला में लैंडस्लाइड, सूरत में बाढ़, 3400 लोगों को सुरक्षित जगह भेजा, करोड़ों का नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद/मुंबई

महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार को भारी बारिश के कारण कचरे का पहाड़ 3 मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे कचरा प्रबंधन की बिल्डिंग ढह गई। हादसे में 16 लोग मलबे में दब गए थे, जिनमें से छह लोगों को निकाल लिया गया है।

मुंबई से बारिश के कारण 9 फ्लाइट डायवर्ट हुई हैं। वहीं दिल्ली के रोहिणी में भी एक निर्माणाधीन बिल्डिंग गिर गई। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई। पुणे के खंडाला में भारी



बारिश के बीच लैंडस्लाइड से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अब भी लापता है। उधर, गुजरात के सूरत में 36 घंटे में 19 इंच तक बारिश हुई, जिससे 85 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। सूरत में हुई रिकॉर्ड 19 इंच बारिश से तीन दिनों में अलग-अलग हादसों में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। 3400 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को खाने-पीने की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### दिल्ली-जयपुर हाइवे धंसा, गुरुग्राम में 10किमी लंबा जाम

भारी बारिश के चलते दिल्ली-जयपुर एनएच-48 धंस गया है, जिसके कारण 10 किमी लंबा जाम लगा गया। एक स्कूल बस भी नाले में फंस गई। इधर, गुरुग्राम के कई इलाकों में दो-दो फीट पानी भर गया। पुलिस ने कंपनियों से अगले कुछ दिनों तक कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की अपील की है। मध्य प्रदेश के जबलपुर में मंगलवार शाम पांच मंजिला इमारत ढह गई। राजस्थान के जालोर में एक जीप नदी में पलट गई। चित्तौड़गढ़ में बिजली गिरने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई।

### अरुणाचल में 94 हजार लोग प्रभावित

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड ने 26 जिलों के 94 हजार से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया है। 4 लोगों की मौत हुई है, 21 घायल हैं और 2 महिलाएं लापता हैं। इधर, कर्नाटक के बेलगावी और शिवमोगा में आज स्कूल और आंगनवाड़ी बंद रहेंगे।

### मानसून के साथ बढ़ा सर्पदंश का खतरा

## एक दिन में रिकॉर्ड 17 मरीज भर्ती


ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर



मानसून के सक्रिय होते ही ग्वालियर जिले में सर्पदंश (सांप के काटने) के मामलों में अचानक तेजी आ गई है। लगातार हो रही बारिश के बीच खेतों और रिहायशी इलाकों में सांपों की आवाजाही बढ़ने से जिले में लोगों की चिंता भी बढ़ गई है। जयारोग्य चिकित्सालय (जेएएच) के हजार बिस्तर अस्पताल स्थित मेडिसिन आईसीयू में सामान्य दिनों की तुलना में मरीजों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। जहां आमतौर पर प्रतिदिन तीन से चार सर्पदंश के मरीज उपचार के लिए पहुंचते थे, वहीं एक ही दिन में रिकॉर्ड 17 मरीजों को गंभीर हालत में भर्ती किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी मरीजों का उपचार जारी है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में एंटी स्नेक वीनम इंजेक्शन का अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध करा दिया है तथा लोगों से झाड़-फूंक के बजाय तत्काल अस्पताल पहुंचने की अपील की है।

# 2.25 लाख में बिका यूजीसी-एनईटी का पेपर: राहुल गांधी



**हरियाणवी एडवोकेट के दावे को आधार बनाया, वो अंडरग्राउंड**

**छात्र नेताओं से पूछताछ कर रही पुलिस**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रोहतक

नीट विवाद के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-एनईटी परीक्षा को लेकर नए पेपर लीक का दावा किया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि सोशियोलॉजी का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले 2.25 लाख रुपये में बेचा गया।

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में हरियाणा के एडवोकेट और आम आदमी पार्टी की छात्र विंग अरअढ की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष दीपक धनखड़ से जुड़ी खबर को अटैच किया है। धनखड़ ने करीब 100 पेज की पीडीएफ जारी कर दावा किया है कि 28 और 29 जून की रात को सवाल लीक हुए थे। उनके अनुसार, जिन अभ्यर्थियों ने सौदा किया, उन्हें जो सवाल पहले से तैयार कराए गए थे, वही अगले दिन परीक्षा में पूछे गए। धनखड़ ने 6 जुलाई को एक ऑडियो संदेश भी जारी कर कहा है कि उन्हें पेपर लीक माफिया से जान का खतरा है, इसलिए वे अंडरग्राउंड हैं। हालांकि, अब तक उनकी ओर से इस मामले में पुलिस या नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के समक्ष कोई औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी नहीं है।

# प्याज-टमाटर के दाम बढ़े

## जून में वेज थाली 5% महंगी, नॉनवेज-थाली की कीमतों में भी इजाफा, मौसम की मार से दालों के दाम बढ़ेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

घर पर तैयार होने वाली वेज थाली की एवरेज कीमत देशभर में 5% बढ़कर 28.4 रुपए हो गई है। पिछले साल जुलाई-2025 में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपए थी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंथली रिपोर्ट में बताया कि, जून-2026 में टमाटर, प्याज, खाने का तेल और रसोई गैस सिलेंडर महंगा होने से थाली की कीमत बढ़ी है। महंगाई से आलू की कीमतों में आई गिरावट के असर भी खत्म हो गया। एजेंसी की राइस रोटी रेट रिपोर्ट के मुताबिक, चिकन की सप्लाई घटने से नॉन-वेज थाली की कीमत भी जून में 6% महंगी हुई है। वहीं, मौसम की मार के कारण आने वाले दिनों में दालों की कीमत भी बढ़ सकती हैं। अगर महीने-दर-महीने (मई 2026 के मुकाबले जून 2026) के आधार पर देखें, तो वेज थाली 4% और नॉन-वेज थाली 3% महंगी हुई है। इस दौरान मासिक आधार पर टमाटर के दाम 17%, आलू के 5% और प्याज के दाम 8% बढ़े हैं, जिससे थाली की लागत ऊपर गई। वहीं कम सप्लाई के बीच ब्रॉयलर की कीमतों में भी महीने-दर-महीने के आधार पर 2% की बढ़त अनुमानित है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के डायरेक्टर पुशन शर्मा के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान के बीच चल रही जंग के कारण ग्लोबल लेवल पर सप्लाई चेन प्रभावित हुई है।

## सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक जवान की पहचान आंध्र प्रदेश निवासी वाई. चंद्रा रेड्डी के रूप में हुई है। वह दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन की एफ कंपनी में तैनात थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जवान ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

## सोना 1,733 रुपये गिरकर 1.42 लाख रु. पर पहुंचा

### चांदी 5,650 रु. घटकर 2.22 लाख किलो हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सोने-चांदी के दाम में 8 जुलाई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,733 रुपए गिरकर 1.42 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं, 1 किलो चांदी का दाम 5,650 रुपए घटकर 2.22 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 33,771 रुपए सस्ता हो चुका है।

वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 164 दिन में चांदी 1.59 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

### 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी

## चातुर्मास होगा शुरू, मांगलिक कार्यों पर लगेगा ब्रेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

25 जुलाई 2026, शनिवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी के साथ सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण चातुर्मास का शुभारंभ होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्री हरि विष्णु क्षीरसागर में योग निद्रा में चले जाते हैं और अगले चार महीनों तक विश्राम करते हैं। इस अवधि में सृष्टि के संचालन का दायित्व भगवान शिव संभालते हैं। देवोत्थान एकादशी पर भगवान विष्णु के जागरण के साथ ही चातुर्मास का समापन होता है।

देवशयनी एकादशी केवल एक व्रत नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना और आत्मचिंतन का प्रारंभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धालु भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना, व्रत, दान और भजन-कीर्तन करते हैं। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक किए गए पुण्य कर्मों का फल अनेक गुना प्राप्त होता है।

देवशयनी एकादशी से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत, नए भवन का शुभारंभ और अन्य मांगलिक संस्कारों पर विराम लग जाता है। इसका प्रमुख कारण धार्मिक मान्यता है कि जब भगवान विष्णु योग निद्रा में होते हैं, तब शुभ एवं मांगलिक कार्यों के लिए उनकी प्रत्यक्ष कृपा उपलब्ध नहीं रहती। इसलिए विवाह जैसे शुभ संस्कार देवोत्थान एकादशी के बाद ही पुनः प्रारंभ किए जाते हैं।

इसके पीछे एक व्यावहारिक कारण भी माना जाता है। चातुर्मास वर्षा ऋतु का समय होता है। प्राचीन काल में भारी वर्षा के कारण यात्रा करना कठिन होता था, इसलिए ऋषि-मुनि एक ही स्थान पर रहकर तप, अध्ययन और धर्मोपदेश करते थे। इसी परंपरा ने चातुर्मास को साधना और संयम का पर्व बना दिया।

## महाराष्ट्र के 3 जिलों में भूकंप के झटके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मराठवाड़ा इलाके के नांदेड़, हिंगोली और परभणी जिलों में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। इन झटकों के बाद लोग अपने घरों से बाहर भाग गए। हालांकि अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि ये झटके रात 1.37 बजे से 3.23 बजे के बीच महसूस किए गए और रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 3.6 से 4.6 के बीच मापी गई। बताया जा रहा है कि दो घंटे से कम समय के अंतराल पर करीब 4 बार झटके महसूस हुए।

### मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं के भंडारण को लेकर एक बार फिर बड़ा घोटाला सामने आया

# दो वेयरहाउस से 1000 टन गेहूं गायब, भोपाल से होगी उच्चस्तरीय जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं के भंडारण को लेकर एक बार फिर बड़ा घोटाला सामने आया है। जबलपुर जिले के अन्नपूर्णा और मां नर्मदा वेयरहाउस से करीब एक हजार टन गेहूं गायब मिलने के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वास्तविक स्टॉक में कमी को छिपाने के लिए दूसरे वेयरहाउस के रिकॉर्ड में कागजी हेरफेर कर गेहूं की अदला-बदली दर्शाई गई। मामले के उजागर होने के बाद भोपाल स्तर पर हलचल तेज हो गई है और पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम जल्द जबलपुर पहुंचेगी। जांच के दायरे में वेयरहाउस संचालकों के साथ-साथ उपार्जन समिति से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी आ सकते हैं।

**रिकॉर्ड में हेराफेरी के आरोप**

### गायब गेहूं आखिर कहां गया और उसकी जिम्मेदारी किसकी

सूत्रों के मुताबिक जिन गोदामों में गेहूं की कमी मिली, वहां वास्तविक स्टॉक का मिलान करने के बजाय दूसरे वेयरहाउसों के रिकॉर्ड में कागजी समायोजन कर कमी को छिपाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों को आशंका है कि यदि समय रहते भौतिक सत्यापन नहीं होता तो यह अनियमितता लंबे समय तक सामने नहीं आ पाती। अब जांच दल दस्तावेजों और वास्तविक भंडारित अनाज का मिलान कर यह पता लगाएगा कि गायब गेहूं आखिर कहां गया और उसकी जिम्मेदारी किसकी है। यह पहला अवसर नहीं है जब जबलपुर जिले में सरकारी भंडारण व्यवस्था पर सवाल उठे हों। इससे पहले श्रीजी वेयरहाउस से करीब 1400 टन धान गायब होने का मामला भी सामने आया था। उस मामले में भी लंबे समय तक जांच चलती रही, लेकिन अब तक गायब धान की पूरी वसूली नहीं हो सकी है और भुगतान से जुड़े विवादों का अंतिम समाधान भी नहीं हो पाया है। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने सरकारी वेयरहाउसों की निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

### उच्चस्तरीय जांच टीम परत-दर-परत जांच करेगी

विशेषज्ञों का मानना है कि समर्थन मूल्य पर खरीदे गए अनाज की सुरक्षा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि यह अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं में उपयोग किया जाता है। यदि भंडारण के दौरान इस प्रकार की अनियमितताएं होती हैं तो इसका सीधा असर सरकारी खजाने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। यही कारण है कि इस मामले को विभागीय स्तर पर अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। भोपाल से आने वाली उच्चस्तरीय जांच टीम पूरे मामले की परत-दर-परत जांच करेगी। टीम यह भी पता लगाएगी कि स्टॉक में कमी कब से थी, संबंधित वेयरहाउसों का अंतिम भौतिक सत्यापन कब हुआ था, रिकॉर्ड में बदलाव किस तारीख को किया गया और निगरानी तंत्र इस अनियमितता को समय रहते पकड़ने में क्यों विफल रहा। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार यदि जांच में वित्तीय अनियमितता, सरकारी रिकॉर्ड में जालसाजी अथवा सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो संबंधित वेयरहाउस संचालकों के साथ-साथ उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी, जिन्होंने निगरानी की जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही बरती। विभाग इस बात की भी जांच करेगा कि कहीं यह मामला किसी बड़े संगठित नेटवर्क से तो जुड़ा नहीं है, जिसने सरकारी अनाज की हेराफेरी कर रिकॉर्ड में हेरफेर के माध्यम से उसे छिपाने का प्रयास किया।

प्रारंभिक जांच के अनुसार समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए गेहूं को सुरक्षित भंडारण के लिए विभिन्न वेयरहाउसों में रखा गया था। नियमित स्टॉक मिलान के दौरान अन्नपूर्णा और मां नर्मदा वेयरहाउस में करीब 1000 टन गेहूं की कमी सामने आई। जांच अधिकारियों को संदेह है कि इस कमी को छिपाने के उद्देश्य से दूसरे गोदामों के रिकॉर्ड में कागजी समायोजन कर स्टॉक को संतुलित दिखाने की कोशिश की गई। इस कथित हेराफेरी ने पूरे भंडारण तंत्र की पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामले के सामने आने के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का बयान भी सामने आया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। मंत्री के निर्देश के बाद विभागीय स्तर पर जांच की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार भोपाल से वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष टीम जबलपुर पहुंचकर पूरे प्रकरण की गहन जांच करेगी। टीम स्टॉक रजिस्टर, परिवहन चालान, वेयरहाउस में जमा अनाज का भौतिक सत्यापन, ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़े तथा उठाव रिकॉर्ड का मिलान करेगी।

जांच एजेंसियों का मानना है कि यदि रिकॉर्ड में जानबूझकर फेरबदल किया गया है तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं बल्कि सुनियोजित अनियमितता भी हो सकती है। इसलिए यह पता लगाया जाएगा कि रिकॉर्ड में बदलाव किस स्तर पर किया गया, किस अधिकारी या कर्मचारी ने इसकी अनुमति दी और इसमें किन लोगों की भूमिका रही। जांच के दौरान उपार्जन समिति से जुड़े अधिकारियों, वेयरहाउस प्रबंधन तथा परिवहन व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों से भी पूछताछ किए जाने की संभावना है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया का साथ मिलकर बढ़ना जरूरी, इससे दोनों को फायदा : मोदी

**मेलबर्न।** पीएम मोदी ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम और इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस रिसेप्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने भविष्य की मजबूत साझेदारी की नींव रखी है। पीएम ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितता, सप्लाई चेन में रुकावट और ऊर्जा संकट से जूझ रही है। ऐसे समय में भारत और ऑस्ट्रेलिया का भरोसेमंद पार्टनर के रूप में साथ आगे बढ़ना जरूरी है। कार्यक्रम के बाद मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ सेल्फी भी ली। पीएम मोदी 6 से 11 जुलाई तक तीन देशों के दौरे पर हैं। ऑस्ट्रेलिया में वे पीएम एंथनी अल्बनीज से मुलाकात करेंगे।

## पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने घर के बाहर 3 लोगों को थप्पड़ मारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में टीएमसी की रैली में हंगामा हो गया। इस दौरान ममता बनर्जी नाराज हो गईं। वे अपनी ही पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं थप्पड़ मारते नजर आईं। दरअसल, रैली बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ रेप-मर्डर के विरोध में निकाली जा रही थी। इस दौरान चोर-चोर के नारे लगने लगे और कुछ लोगों ने रैली में शामिल लोगों पर अंडे फेंकने शुरू कर दिए। टीएमसी ने आरोप लगाया कि हंगामा भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान मारपीट भी की। ममता ने कहा कि बंगाल में अराजकता फैल गई है। पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रही है। दरअसल, बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ रेप-मर्डर का मामला सामने आया था। इसका मुख्य आरोपी प्रभास मंडल पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

## बांग्लादेश में लैंडस्लाइड से 8 बच्चों की मौत, 5 घायल

**उखिया।** बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले के उखिया स्थित रोहिंग्या शरणार्थी कैंप में बुधवार को लैंडस्लाइड में 8 बच्चों की मौत हो गई और 5 घायल हैं। खबर के मुताबिक, सभी बच्चों की उम्र 7 से 12 साल के बीच थी। बांग्लादेश मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी है। लगातार हो रही भारी बारिश और भारत से आने वाले ऊपरी इलाकों के पानी की वजह से देश के कई हिस्सों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। रिफ्यूजी रिलीफ एंड रिपेट्रिएशन कमिश्नर के बयान के अनुसार, घटनास्थल से 13 बच्चों को बाहर निकाला गया। इनमें से चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार ने अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बाकी पांच बच्चों का अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज चल रहा है।

## मरीन ले पेन को राहत अपील कोर्ट ने चुनावी प्रतिबंध घटाया

**फ्रांस।** फ्रांस की अपीलीय अदालत ने दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन को यूरोपीय संसद फंड के दुरुपयोग मामले में दोषी तो माना, लेकिन उन पर सार्वजनिक पद संभालने की पाबंदी कम कर दी। इसके बाद ले पेन ने घोषणा की है कि वह 2027 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगी। पेरिस कोर्ट ऑफ अपील ने ले पेन पर लगाए गए पांच साल के चुनावी प्रतिबंध को घटाकर 45 महीने कर दिया, जिनमें से 30 महीने निलंबित रहेंगे। अदालत ने यह भी माना कि 31 मार्च 2025 से वह पहले ही प्रतिबंध की अवधि पूरी कर रही हैं। इस वजह से वह 2027 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए पात्र हो गई हैं। अदालत ने उन्हें तीन साल की जेल की सजा भी सुनाई है। इसमें दो साल की सजा निलंबित है, जबकि एक साल इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के साथ नजरबंदी में बिताना होगा।

## चीन में टाइफून मेसाक का कहरः बाढ़ और टॉरनेडो से 21 की मौत

**मेसास।** चीन में टाइफून मेसाक ने दक्षिण और मध्य हिस्सों में भारी तबाही मचा दी है। गुआंग्शी प्रांत में अचानक आई बाढ़ और हुबेई प्रांत में आए दुर्लभ टॉरनेडो के कारण अब तक कम से कम 21 लोगों की मौत हो चुकी है। हजारों लोग अब भी घरों की छतों और ऊंचे स्थानों पर फंसे हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं। गुआंग्शी में रविवार से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के बाद कुछ ही घंटों में बाढ़ का पानी घरों की पहली मंजिल तक पहुंच गया। नदियां उफान पर आ गईं और कुछ बांधों की दीवारें भी टूट गईं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार करीब 60 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, जबकि लगभग 90 हजार लोग इस आपदा से प्रभावित हुए हैं।

## खबर एक नजर...

### भाजपा महाराजवाड़ा मंडल की पन्ना प्रमुख टोली की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी महाराजवाड़ा मंडल की पन्ना प्रमुख टोली की बैठक संपन्न हुई। इसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर महामंत्री आनंद खीची, महाराजवाड़ा मंडल प्रभारी विजय चौधरी, जितेंद्र कृपलानी, महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री कार्तिकेय मिश्रा और पार्षद प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल महामंत्री इंदर चौधरी व जितेंद्र आंजना सहित महाराजवाड़ा मंडल के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति मौजूद रही।

### मोक्षदायिनी शिप्रा की रक्षा के लिए आत्म बलिदानी सत्याग्रह का शंखनाद

**उज्जैन।** यदि केंद्र और राज्य सरकार मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की रक्षा के लिए 'मालव रक्षा अनुष्ठान' का समर्थन नहीं करेगी और जन जागरण तथा रचनात्मक सहयोग के लगातार आग्रह को ठुकराएगी, तो आत्म बलिदानी सत्याग्रह ही एकमात्र मार्ग शेष रहेगा। यह घोषणा अनुष्ठान के संयोजक और अधिवक्ता आचार्य सत्यम सत्यनारायण पुरोहित ने एक वक्तव्य के माध्यम से की। उन्होंने चेतावनी दी कि शिप्रा का अस्तित्व पांच करोड़ मालवियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस संकल्प को अखाड़ा परिषद और राष्ट्रीय संत समिति का पूरा समर्थन प्राप्त है। आचार्य सत्यम ने बताया कि सिंहस्थ २०१६ के संकल्प के अनुसार, नदी के अस्तित्व और रक्षा के लिए उनके संघर्ष और बलिदान का संकल्प जारी है। उन्होंने कहा कि भारत माता को सुजलाम सुफलाम बनाने के इस अनुष्ठान में यदि सरकार सहयोग नहीं करेगी, तो उन्हें कड़े कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा। बीडी त्रिपाठी के शोध का हवाला और सरकारी योजनाओं पर सवाल आचार्य सत्यम ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के महामना मालवीय गंगा शोध संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर बीडी त्रिपाठी द्वारा २०२३ में 'डाउन टू अर्थ' पत्रिका को दिए गए साक्षात्कार का संदर्भ दिया। उन्होंने बताया कि त्रिपाठी ने तथ्यात्मक और शोध-आधारित जानकारियों के माध्यम से गंगा के अस्तित्व को गंभीर खतरे में बताया था। त्रिपाठी की चेतावनी के अनुसार, यदि गंगा का अस्तित्व समाप्त होता है, तो ४५ करोड़ लोगों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने मौजूदा सरकारी योजनाओं को निरर्थक बताते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की थी। आचार्य सत्यम ने कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक प्रमाणों के बावजूद, प्रशासन अब भी कुंभकरणी नींद में सोया हुआ है। उन्होंने सरकार की वर्तमान योजनाओं को तुगलकी करार देते हुए आरोप लगाया कि ये योजनाएं जनधन का अपव्यय कर रही हैं। मालव रक्षा अनुष्ठान शिप्रा के अस्तित्व की रक्षा के लिए इस संघर्ष को निर्णायक मोड़ देने के लिए संकल्पित है।

### नृत्य गुरु पंडित सुदर्शन अयाचित बेंगलुरु में उषास भक्ति गौरव सम्मान से होंगे सम्मानित

**उज्जैन।** शहर के सुप्रसिद्ध नृत्य गुरु, कला साधक और उद्घोषक पंडित सुदर्शन अयाचित को बेंगलुरु की संस्था उषास फाउंडेशन द्वारा नृत्य कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित उषास भक्ति गौरव सम्मान प्रदान करने की घोषणा की गई है। यह सम्मान समारोह 11 जुलाई को बेंगलुरु स्थित स्काउट गाइड सभागृह में आयोजित होगा। समारोह का आयोजन भारत सरकार और कर्नाटक सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उषास फाउंडेशन की निदेशक कलामणि डॉ. संगीता कंबीलन द्वारा पंडित अयाचित को इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। जयंत तेलंग ने बताया कि नृत्य कला के क्षेत्र में पंडित अयाचित के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए संस्था द्वारा उनका चयन किया गया है। शहर के एक प्रतिष्ठित कलाकार को यह सम्मान मिलने की घोषणा से कला जगत में हर्ष का माहौल है। सभी कला अनुरागियों और शुभचिंतकों ने पंडित अयाचित को इस बड़ी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

### भोजशाला में नियमित पूजा सनातन समाज की ऐतिहासिक उपलब्धि

**उज्जैन।** राजा भोज जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने धार स्थित ऐतिहासिक सरस्वती कंठाभरण गुरुकुल भोजशाला पहुंचकर मां वाग्देवी के दर्शन किए। इस दौरान समिति ने भोजशाला मुक्ति आंदोलन के प्रमुख गोपाल शर्मा का शॉल, श्रीफल और साफा पहनाकर सम्मान किया। समिति ने सनातन संस्कृति की रक्षा और भोजशाला आंदोलन में उनके तीन दशक लंबे संघर्ष व राष्ट्रधर्म के प्रति योगदान के लिए उनका अभिनंदन किया।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्रसिंह पंवार ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद भोजशाला में मां वाग्देवी की 24 घंटे नियमित पूजा-अर्चना शुरू होना संपूर्ण सनातन समाज के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक उपलब्धि है। राष्ट्रीय महासचिव कुंवर कुलदीपसिंह पंवार पिपलोदा द्वारकाधीश ने बताया कि समिति भोजशाला के संरक्षण व मुक्ति के लिए हमेशा सक्रिय रही है।

# हास्य-व्यंग्य की महफिल में गूंजे ठहाके, कवि प्रदीप को झालमुड़ी सम्मान

## हास्य सम्राट पं. ओम व्यास ओम की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजन, नमकीन की माला पहनाकर किया कवियों का बहुमान

### कवियों ने रचनाओं से श्रोताओं को किया लोटपोट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हास्य सम्राट पंडित ओम व्यास ओम की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ओम हास्याय नमः संस्था द्वारा हास्य-व्यंग्य सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में इंदौर के सुप्रसिद्ध हास्य कवि प्रदीप नवीन को झालमुड़ी सम्मान और रतलाम के व्यंग्य कवि जुझार सिंह भाटी को धुरंधर व्यंग्य सम्मान से अलंकृत किया गया। अतिथियों ने झालमुड़ी नमकीन की माला, शॉल, श्रीफल, दुपट्टा, पगड़ी और स्मृति चिह्न भेंट कर दोनों कवियों का बहुमान किया।

समारोह के मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल थे। अध्यक्षता इंदौर के प्रसिद्ध साहित्यकार हरिराम वाजपेई ने की, जबकि विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कवि सम्मेलन में ठहाकों की गूंज के बीच हास्य-व्यंग्य की वर्षा हुई। इंदौर के कवि प्रदीप नवीन ने अपनी रचना 'झंडा ऊंचा रहे हमारा.. नकली डॉक्टर नकली दवाएं, इंजेक्शन से मरीज मारा' सुनाकर श्रोताओं को आनंदित किया। रतलाम के कवि जुझार सिंह भाटी ने सामाजिक विसंगतियों और शराब की लत पर हास्य व्यंग्य किया। राजेंद्र सिंह सोलंकी ने पैरोडी प्रस्तुत करते हुए बॉलीवुड और अभिनेता आमिर खान की शादियों पर कटाक्ष किया। फि ल्म समीक्षक शशांक दुबे ने 'एक समय पर दो बरसातें, बादल के संग आंखें भी बरसे' के माध्यम से अपनी बात रखी। मालवी कवयित्री संगीता तल्लेरा ने मालवी भाषा में युवाओं पर केंद्रित हास्य रचना 'कोई नजर बचाई के अई वई झांकी जावे...' प्रस्तुत की। कवि कमल पटेल ने पं. ओम व्यास ओम को याद करते हुए 'जन मन का प्यारा है कवि ओम व्यास ओम' पंक्तियां पढ़ीं।



#### मुश्किलों में मुस्कुराने का न छोड़ें मौका

समारोह के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि बुलंदियां खुद ही तलाश लेंगी आपको, बस मुश्किलों में मुस्कुराने का मौका न छोड़ें। कवि सम्मेलन का संचालन सुरेंद्र सर्किट ने अपनी रोचक शैली में किया। कार्यक्रम में फुरसतिया उद्बोधन दिनेश विजयवर्गीय ने और झालमुड़ी भाषण कवि अशोक भाटी ने दिया। बढ़लो भाषण व आभार प्रदर्शन कवि दिनेश दिग्गज ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को झालमुड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

#### समारोह में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कवि डॉ. विक्रम विवेक, रिटायर्ड डीएसपी प्रेम सिंह ठाकुर, अपेक्स बैंक के पूर्व संचालक डॉ. रवि ठक्कर, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, अनिल बारोड़, लव मेहता, कवि सुगनचंद जैन, गुड्डन खान, डॉ. रफीक नागौरी, आर.एस. चौहान, राजेंद्र जैन, अजय अगरकर, सुशीला भाटी, भगवानदास शारड़ा, अमिताभ सुधांशु, मिलिंद पन्हालकर, श्याम देव माहेश्वरी, अजीत पोरवाल, सुनील पारीख, राकेश सक्सेना, रवि गुप्ता, कमलेश पांडे और दिनेश दवे सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## खाराकुआं जैन मंदिर में 10 जुलाई को मनेगा नाकोड़ा भैरव का 28वां ध्वजा महोत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाराकुआं स्थित ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी जैन मंदिर में शुक्रवार 10 जुलाई को श्री नाकोड़ा भैरव देव का 28वां ध्वजारोहण महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह 8.30 बजे से महापूजन और महाहवन के साथ भगवान श्री पार्श्वनाथ जी के अधिष्ठायक देव श्री नाकोड़ा भैरव को 56 भोग का नैवेद्य अर्पण किया जाएगा।

नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुंबई की उज्जैन शाखा द्वारा आयोजित इस महोत्सव में श्री नाकोड़ा भैरव जी का विशेष महाहवन होगा। विधिकारक बृजेश जैन श्रीश्रीमाल के निर्देशन में महापूजन व अनुष्ठान संपन्न होगा। मालवा के सुप्रसिद्ध संगीतकार संजय छाजेड़ (आनंद धाम तीर्थ घसोई, सुवासरा) भजनों की प्रस्तुति देंगे। भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए हवन में शामिल हो सकेंगे। विशेष अनुष्ठान में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए काले वस्त्र और चमड़े की वस्तुएं पहनना पूर्णतः वर्जित रहेगा।

यह भव्य आयोजन आचार्य श्री अशोक सागरसूरीश्वर जी म.सा., राष्ट्रसंत आचार्य श्री चन्द्रानन सागरसूरीश्वर जी म.सा. और मातृहदय साध्वी अमितगुणाश्रीजी म.सा. के आशीर्वाद तथा शासन रत्न मनोज भाई शोभावत (मुंबई) की पावन प्रेरणा से किया जा रहा है। ध्वजारोहण महोत्सव के मुख्य लाभार्थी श्रीमती लक्ष्मीदेवी अनूपकुमार जैन, सुनील जैन और समस्त पावेचा परिवार (भैरव सिल्वर गोल्ड एंड डायमंड) हैं।

# सीवरेज के गड्ढों और कीचड़ से शहरवासियों का जीना मुहाल, नेता प्रतिपक्षने नगर निगम पर उठाए सवाल

## बारिश में दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे नागरिक,

### बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कर रहे मजदूरों की जान को खतरा, सीवरेज में हुई मौत पर कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में लगातार हो रही बारिश और सीवरेज लाइन के लिए खोदे गए खुले गड्ढों ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर भर में फैली कीचड़ और नगर निगम तथा संबंधित एजेंसियों की घोर लापरवाही पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज निर्माण कार्यों की अनदेखी के कारण पूरा शहर हादसों का शिकार हो रहा है। हाल ही में सीवरेज लाइन में हुई एक व्यक्ति की मौत इसी अव्यवस्था का परिणाम है। ऐसे विशाल कार्यों में गरीब मजदूरों की जान बचाने के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### राहगीरों का चलना हुआ दुश्वार, बंद पड़े हैं कई मार्ग

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि शहर की सड़कें और सीवरेज लाइनें खुली पड़ी हैं। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे पूरा शहर कीचड़ में तब्दील हो गया है। इन हालातों में स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी यातायात समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोग पैदल चलने या वाहन चलाने की स्थिति में नहीं हैं और लगातार फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों के कारण शहर के कई मार्ग बंद पड़े हैं। जो मार्ग चालू हैं, उन्हें भी नगर निगम मुरम, गिट्टी और चूरी डालकर मेंटेन नहीं कर रहा है।

निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर चिंता जताते हुए रवि राय ने कहा कि उज्जैन में श्रम अधिनियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। निगम अधिकारियों और ठेका एजेंसियों की लापरवाही के कारण मजदूर बिना ग्लव्स, मोजे और हेलमेट के अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं। शहर के वरिष्ठ अधिकारी भ्रमण पर तो जाते हैं, लेकिन उनका ध्यान केवल सड़कों और पुलों के निर्माण पर होता है, काम में लगे मजदूरों की सुरक्षा पर किसी का ध्यान नहीं है। इसी लापरवाही और जल्दबाजी के चलते गरीब मजदूरों की लगातार मौत हो रही है।

रवि राय ने मांग की है कि बारिश के दौरान लगातार हो रही दुर्घटनाओं और नागरिकों के हाथ-पैर टूटने की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम चार महीने के लिए एक अलग से विशेष मेंटेनेंस टीम (स्टाफ) तैनात करे। इसके साथ ही एक टीम यह जांच करने के लिए भी बनाई जाए कि निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं या नहीं। उन्होंने मांग की है कि संबंधित एजेंसियों को तत्काल निर्देशित किया जाए कि वे गड्ढों को बंद करें, वहां मुरम-गिट्टी डालें और ठंडे डामर से पेचवर्क कर मार्गों को सुगम बनाएं।

## 4 अगस्त को निकलेगी समर्पण कांवड़ यात्रा, भगवा ध्वजों से सजेगा शहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

समर्पण सेवा समिति के तत्वावधान में इस वर्ष समर्पण कांवड़ यात्रा 4 अगस्त को निकाली जाएगी। यह यात्रा अपने पारंपरिक मार्गों से होते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजन संपन्न हुआ। यह यात्रा इस वर्ष स्वर्गीय ओम अमरनाथ खत्री को समर्पित रहेगी। समर्पण सेवा समिति के सचिव राम भागवत ने बताया कि समिति बीते कई वर्षों से कांवड़ यात्रा का आयोजन कर रही है। इस वर्ष पूरे उज्जैन शहर में लगभग 5,000 भगवा ध्वज लगाए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष विजय जायसवाल ने बताया कि गुरुवार से शहर में भगवा ध्वज लगाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने सभी नगरवासियों और श्रद्धालुओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने की अपील की है। यात्रा संयोजक नारायण यादव और मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा और प्रदेश में धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को मिल रहे प्रोत्साहन के चलते यह यात्रा निरंतर जनभागीदारी के साथ आयोजित की जा रही है। ध्वज पूजन कार्यक्रम में गिरीश जायसवाल, जमना यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र आंजना, भाजपा नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा, दिनेश जाधौन, तुषार पंवार और मोहन गुरु सहित समर्पण सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा विभाग आमंत्रित और तकनीकी अतिथि व्याख्याताओं की अनदेखी से रोष

### 10 जुलाई को रवीन्द्र भवन में सीएम का कार्यक्रम, तकनीकी व्याख्याताओं ने उठाई समान अधिकार और आमंत्रण की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे भोपाल के रवीन्द्र भवन में अतिथि विद्वानों के स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। भारतीय मजदूर संघ के संरक्षण तथा डॉ. देवराज सिंह व डॉ. हेमराज टैगोर के संयोजन में होने वाले इस आयोजन में उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों को बुलाया गया है। इस बड़े कार्यक्रम में आमंत्रण न मिलने से तकनीकी विभाग के अतिथि व्याख्याताओं में भारी रोष है। उन्होंने इस विसंगति का विरोध करते हुए खुद को भी कार्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग उठाई है। तकनीकी अतिथि व्याख्याताओं का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में हुई महापंचायत में अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं को एक समान माना गया था। उस समय दोनों ही वर्गों के लिए प्रति कार्य दिवस 2000 रुपये मानदेय की घोषणा एक साथ की गई थी। सभी संगठनों को एक ही श्रेणी में रखा गया था, लेकिन अब तकनीकी शिक्षा से जुड़े व्याख्याताओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

व्याख्याताओं ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों को 12 महीने का सेवाकाल दिया जा रहा है और अब उन्हें नियमित (रेगुलर) करने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, सरकारी कॉलेजों में कम वेतन पर सेवाएं देने वाले तकनीकी अतिथि व्याख्याताओं को केवल 11 महीने की नौकरी पर रखा जाता है। उनके सिर पर हमेशा स्थायित्व न होने का डर बना रहता है। तकनीकी व्याख्याताओं ने मांग की है कि उन्हें भी इस सम्मान समारोह में आमंत्रित किया जाए और उनके रोजगार को सुरक्षित करते हुए विसंगतियों को दूर किया जाए।

# राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के निशानेबाजों ने जीते स्वर्ण और रजत पदक

### 29वीं राज्य स्तरीय स्पर्धा में 22 खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन ओपन इंडिया ट्रायल के लिए भी कई चयनित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर की रेवती रेंज में 3 से 8 जुलाई तक आयोजित 29वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय राइफल और पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मध्य प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन जिले के 22 खिलाड़ियों ने सहभागिता की और अपनी सटीकता का लोहा मनवाते हुए कई पदक अपने नाम किए।

#### विजेता खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

?प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में उज्जैन के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए। थ्री पोजीशन .22 राइफल स्पर्धा में हेरम सिंह ने प्रथम और रणविजय सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 50 मीटर मास्टर मेन .22 राइफल में मानवेन्द्र सिंह ने पहला स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग की थ्री पोजीशन .22 राइफल स्पर्धा में तनय राज को दूसरा स्थान मिला। रणवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर राइफल पुरुष वर्ग में प्रथम और 50 मीटर थ्री पोजीशन में द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। इसके अलावा, 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल .22 स्पर्धा में सुनील बोरासी ने पहला और श्याम बोरासी ने दूसरा स्थान अर्जित किया, जबकि 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में वेदिका राजावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया।

#### ओपन इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई

पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के अतिरिक्त उज्जैन के कई अन्य खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ओपन इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आगामी प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होने वाले खिलाड़ियों में आशुतोष गंधरा, सुमित शर्मा, श्रुति सेन, आदित्य दुबे, माही, भूमित, निमृत दुबे, खुशी मीणा, मुकद्दस खान, अभ्युदय सिंह, अश्वित नामदेव, देदीप पटेल, चित्रांशी और यशराज शामिल हैं।

#### 10 वर्षों से मिल रहा निरंतर प्रशिक्षण

खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर उज्जैन राइफल एसोसिएशन के प्रशिक्षक अक्षय सिंह और कार्तिक सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रशिक्षकों ने बताया कि उज्जैन राइफल एसोसिएशन विगत 10 वर्षों से शहर में राइफल और पिस्टल शूटिंग के खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्था के खिलाड़ियों ने पूर्व में भी कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित कर शहर का नाम रोशन किया है।

## संत लीलाशाह स्कूल के 30वें स्थापना दिवस पर गूंजा विश्व गुरु भारत का

# नवप्रवेशितों का स्वागत, प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान पाने वाले पीयूष का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अब्दालपुरा स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का 30वां स्थापना दिवस और प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में राष्ट्र निर्माण और विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं कॉमर्स में मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र पीयूष जोशी का विशेष सम्मान किया गया। प्रवेशोत्सव के तहत नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर स्वागत हुआ।

प्राचार्य राजकुमारी खेमचंदानी ने बताया कि 30 वर्ष पूर्व जीवाजीगंज क्षेत्र में इस विद्यालय की नींव समाज के वंचित और मध्यम वर्गीय परिवारों को ध्यान में रखकर रखी गई थी। उद्देश्य कम फीस में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद दौलत खेमचंदानी ने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल साक्षरता नहीं, बल्कि बच्चों का चरित्र निर्माण करना है। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित कक्षाओं के निर्माण और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना भी साझा की।



समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी लीलाशाह के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। यह रस्म प्राचार्य राजकुमारी खेमचंदानी, शिक्षाविद दौलत उत्कृष्ट खेमचंदानी, इंचार्ज रानी जैन, सचिन चौहान, स्मिता पाठक, प्रिया बियानी और हंसा शर्मा ने की। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति और कलात्मक प्रस्तुतियां दीं। अति कनेला, तनिष्का यादव, कुनिका राठौर, तनिष्का बैरागी, रेवा शर्मा और नंदनी खत्री की राष्ट्र प्रेम पर आधारित प्रस्तुतियों को सराहा गया।

## आतंकी नेटवर्क पर कार्रवाई की मांग, युवा शिव सेना ने फूंका पाक पीएम का पुतला

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश में हाल ही में 8 संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद बुधवार को युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने देवास गेट बस स्टैंड चौराहे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और आतंकवाद का पुतला फूंका। संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें गिरफ्तार आतंकियों के मददगारों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में मुख्य रूप से महाकाल मंदिर की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने की मांग रखी गई। संगठन ने कहा कि बाबा महाकाल की सवारी मार्ग के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए और संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन कर उनकी जांच हो।

# अखाड़ों में हावी हुई पदलोलुपता की राजनीति, संतों के विवादों से सनातन धर्म को नुकसान


### अखिल भारतीय पुजारी महासंघ का अखाड़ा परिषद पर निशाना, कहा- धर्म के लिए केवल शंकराचार्य का वचन ही मान्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देश के अखाड़ों में अब राजनीतिक दलों जैसी गठजोड़ और गुटबाजी की राजनीति हावी हो गई है। संतों में बढ़ती पद और प्रतिष्ठा की लोलुपता के कारण सनातन धर्म को भारी नुकसान हो रहा है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने अखाड़ा परिषद की वर्तमान कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि सनातन धर्म के लिए अब अखाड़ों की कोई आवश्यकता नहीं रह गई है, धर्म के लिए केवल सर्वोच्च धर्माधिकारी शंकराचार्य का वचन ही मान्य होना चाहिए। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि जिस तरह राजनीतिक दल चुनाव के समय एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाते हैं और सत्ता हासिल करने के लिए बाद में गठबंधन कर लेते हैं, ठीक वैसा ही नजारा इन दिनों अखाड़ा परिषद में दिखाई दे रहा है। जो लोग कुछ समय पहले तक एक-दूसरे का कड़ा विरोध कर रहे थे, वे आज पद और प्रतिष्ठा की लालसा में एक-दूसरे का समर्थन करते नजर आ रहे हैं।

महासंघ ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे विवाद का हवाला देते हुए बताया कि चार महीने पहले निर्मोही अणि अखाड़े ने निरंजनी अखाड़ा के सचिव रवींद्रपुरी को अध्यक्ष मानने से साफ इनकार कर दिया था। अब उसी निर्मोही अखाड़े ने अपने रुख में बदलाव करते हुए रवींद्रपुरी का समर्थन कर दिया है।

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


## खबर एक नजर...

### इंदौर के डॉ. मोहित भंडारी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**इंदौर।** इंदौर के बैरिएट्रिक एवं रोबोटिक सर्जन डॉ. मोहित भंडारी ने चिकित्सा क्षेत्र में नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने फ्रांस से इंदौर स्थित मरीजों की एक ही सत्र में 10 ट्रांसकॉन्टिनेंटल टेली-रोबोटिक गैस्ट्रिक बायपास सर्जरी सफलतापूर्वक कर नया रिकॉर्ड बनाया। अत्याधुनिक मेडबोट रोबोटिक सिस्टम और हाई-स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी की मदद से की गई इन सर्जरी को वैश्विक चिकित्सा जगत में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे पहले भी डॉ. भंडारी फ्रांस के क्ष्ऊअऊ से भारत की पहली ट्रांसकॉन्टिनेंटल रोबोटिक बैरिएट्रिक सर्जरी और ऑस्ट्रेलिया के पर्थ से इंदौर में लाइव टेली-रोबोटिक सर्जरी कर चुके हैं। उन्हें एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सर्वाधिक बैरिएट्रिक एवं मेटाबोलिक सर्जरी के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार यह उपलब्धि भविष्य में दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च गुणवत्ता वाली सर्जिकल सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

### इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख की ठगी

**इंदौर।** स्टेट साइबर सेल इंदौर ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 45 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को अब तक 15 लाख रुपए रिफंड भी कराए हैं, जबकि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित इंदौर निवासी सेवानिवृत्त रेलवे मंडल संरक्षा अधिकारी हैं। वे अकेले रहते हैं, उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। 9 अगस्त 2025 को उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी का अधिकारी बताया। आरोपी ने दावा किया कि आपके 2 नंबर आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई होने वाली है। इसके बाद साइबर ठगों ने लगातार वीडियो कॉल और स्काइप के माध्यम से संपर्क बनाए रखा और गिरफ्तारी वारंट का डर दिखाकर मानसिक दबाव बनाया। डिजिटल अरेस्ट में 24 घंटे तक रखा साइबर ठगों ने पीड़ित को करीब 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट जैसी स्थिति में रखा। इस दौरान उन्हें किसी से संपर्क नहीं करने दिया गया और डर का माहौल बनाकर उनके बैंक खातों से कुल 45 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर पहुंचते ही संबंधित बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया। बैंक ट्रांजेक्शन की जांच के बाद अब तक पीड़ित को 15 लाख रुपए वापस दिलाए जा चुके हैं।

### एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपी कोर्ट परिसर से गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की कोर्ट परिसर से औपचारिक गिरफ्तारी की गई। पुलिस अब उससे मादक पदार्थों के सप्लाई नेटवर्क और मामले में उसकी भूमिका को लेकर पूछताछ कर रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तौसीफ (33) पिता आरिफ खान निवासी तंजीम नगर खजराना है, जो फेब्रिकेशन का काम करता है। वह एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार 6 जनवरी 2026 को क्राइम ब्रांच ने आरोपी असद शेख को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 ग्राम कोकीन तथा वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की सफेद दोपहिया वाहन जब्त किया था। मामले की जांच के दौरान तौसीफ की संलिप्तता सामने आई थी, जिसके बाद उसे फरार आरोपी घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि तौसीफ कोर्ट परिसर में मौजूद है। इसके बाद टीम ने वहां पहुंचकर उसकी औपचारिक गिरफ्तारी की। अब पुलिस उससे मामले में उसकी भूमिका, मादक पदार्थों के स्त्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### मुसाखेड़ी ओवरब्रिज का काम देखने पहुंचे कलेक्टर

**इंदौर।** इंदौर के मुसाखेड़ी में बन रहे ओवरब्रिज का काम जल्द रफ्तार पकड़ेगा। बुधवार को कलेक्टर शिवम वर्मा ने निमार्णाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को काम तेज करने और तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि एमपीआरडीसी के चार बड़े फ्लाइओवर का निरीक्षण किया जा रहा है। कुछ परियोजनाओं में देरी हुई है, इसलिए संबंधित ठेकेदारों पर पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कामों को पूरा होने में अभी करीब छह महीने लगेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जब तक फ्लाइओवर का काम चलता है, तब तक लोगों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए सर्विस लेन की मरम्मत और पेचवर्क कराया जाए। उन्होंने बताया कि आईटी पार्क की सर्विस लेन को दो दिन में चालू करने की कोशिश की जा रही है, ताकि ट्रैफिक वहां से डायवर्ट किया जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जहां भी ट्रैफिक डायवर्ट किया जाए, वहां की सड़क पहले ठीक की जाए। खराब सड़क होने पर जाम और परेशानी बढ़ती है। उन्होंने साफ कहा कि डायवर्जन ऐसा हो, जिससे वाहन आसानी से निकल सकें।

---


गौरवशाली रथयात्रा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान से 16 जुलाई को निकलेगी नगर भ्रमण पर

# वेंकटेश मंदिर में श्रीब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव 10 जुलाई से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

छत्रीबाग स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में श्रीब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव 10 जुलाई से 16 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस महोत्सव में कई आयोजन होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। 16 जुलाई को मंदिर से गौरवशाली रथयात्रा नगर भ्रमण पर निकलेगी। श्री तिरुपति बालाजी की तर्ज पर इस साल ये महोत्सव मनाया जाएगा। लाइट से जगमागाते शंख, चक्र और तिलक आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 9 जुलाई की शाम से आयोजन शुरू होंगे। श्री वेंकटेश महिला मंडल दोपहर 3 बजे से सुंदरकांड करेंगी।





**9 से 16 जुलाई तक होंगे ये आयोजन-** 9 जुलाई की शाम को विश्वकसेन पूजन और सुंदरकांड का पाठ होगा। 10 जुलाई को ध्वजारोहण के साथ श्रीब्रह्मोत्सव का शुभारंभ होगा। सुबह ध्वजारोहण अनन्तश्रीविभूषित श्रीमद्जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीनागोरियापीठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के द्वारा सम्पन्न किया जाएगा। 11 जुलाई को भगवती श्रीमहालक्ष्मी का महाभिषेक होगा साथ ही 500 जोड़े यहां सामूहिक कुमकुम अर्चना करेंगे। 12 जुलाई को भगवान श्रीवेंकटेश का 108 रजत कलश से महाभिषेक होगा और रात में छत्रीबाग में छोटी रथयात्रा निकाली जाएगी। 13 जुलाई को विशेष उत्सवों का मेल वंसतोत्सव के साथ तिरुपावड़ा उत्सव मनाया जाएगा। 14 जुलाई को प्रभु वेंकटेश का कल्याण उत्सव विवाहोत्सव होगा, बारात निकलेगी। विवाह की सभी रस्में होंगी। साथ ही रात में परकाल स्वामी की लीला का नाटिका के साथ मंचन होगा। 15 जुलाई को पुष्प बंगले में प्रभु वेंकटश के मनोहारी दर्शन होंगे। इस साल वृंदावन के मुख्य कलाकारों और इंदौर के कलाकारों द्वारा सुंगधित फूलों और कई प्रकार की वस्तुओं से पुष्प बंगला सजाएंगे। 16 जुलाई की शाम को जय जगन्नाथ प्रभु की सनातन संस्कृति की परंपरागत गौरवशाली रथयात्रा देवस्थान से नगर भ्रमण पर निकलेगी। रथयात्रा में प्रभु वेंकटेश रजत रथ जो कि वर्ष एक बार निकलता है उस पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने निकलते है। इस वर्ष झांकियों के माध्यम से प्रभु भक्ति व दक्षिण भारत के वाद्य यंत्रों की झलक नजर आएगी।

**रोज होंगे भगवान के विशेष श्रृंगार-** श्रीब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव में रोजाना भगवान का विशेष श्रृंगार दर्शन होंगे। संतों का मंगल सान्निध्य मिलेगा और भजनों की प्रस्तुति भी भजन गायकों द्वारा की जाएगी।

---

मंत्री विजयवर्गीय ने बीएसएफ कमांडेंट के साथ देखी जमीन

# बुडानिया की 48 एकड़ पहाड़ी पर लगेंगे 1 लाख पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर शहर में वृहद स्तर पर पौधारोपण की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि पितृ पर्वत मार्ग स्थित बुडानिया की 48 एकड़ पहाड़ी पर इस वर्ष लगभग 1 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। यह पौधारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा इंदौर को और अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



अभियान की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के कमांडेंट ज्ञानेश्वर खाड़े तथा नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जगह का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने पौधारोपण की जगह को देखते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री विजयवर्गीय ने बी.एस.एफ. अधिकारियों एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ पौधों की उपलब्धता, गड्ढे तैयार करने के काम, सिंचाई व्यवस्था, पौधों के संरक्षण, रखरखाव तथा पौधारोपण के चरणबद्ध क्रियान्वयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समय-सीमा में पूरी की जाएं ताकि पौधारोपण अभियान प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ₹पेड़ लगाओ, पानी बचाओ₹ के उद्देश्य को साकार करने के लिए बुधवार को सिटी बस ऑफिस सभागृह में एक बैठक की गई। इसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि मालवा की यह पावन भूमि हमें निरंतर समृद्धि और संस्कार देती रही है। अब हमारा भी दायित्व है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए इस शहर को हराभरा और पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध बनाकर जाएं। उन्होंने कहा कि पितृ पर्वत आज एक ऑक्सीजन जोन के रूप में विकसित हो चुका है, जो सामूहिक प्रयासों का प्रेरणादायी उदाहरण है। इसी प्रकार शहर के प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कर हरित वातावरण तैयार किया जाना चाहिए।

#### युद्धस्तर पर की जा रही तैयारी

- राजेंद्र राठौर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत इस वर्ष शहर के विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण शुरू किया जा चुका है। इसी श्रृंखला में सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से उपलब्ध कराई गई बुडानिया की 48 एकड़ भूमि पर आगामी दिनों में लगभग 1 लाख के अधिक पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं।
- उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और नियमित रखरखाव की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि लगाए गए पौधे विकसित होकर क्षेत्र को हरित स्वरूप प्रदान कर सकें। इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम लोगों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

---

इंदौर का विकास मॉडल...

# 40 करोड़ की स्मार्ट सड़क 4 साल में ही बर्बाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

स्मार्ट सिटी के तहत बनाई गई आदर्श सड़क चार साल भी नहीं टिक सकी। वर्ष 2022 में बड़ा गणपति से कृष्णपुरा छतरी तक 1.7 किलोमीटर लंबी सीमेंट कांक्रीट सड़क 40 करोड़ खर्च कर बनाई गई थी, लेकिन अब कई स्थानों पर सड़क उखड़ने लगी है। हालात यह है कि नगर निगम को क्षतिग्रस्त हिस्सों पर डामर से पैचवर्क करना पड़ रहा है।

इस सड़क का निर्माण स्मार्ट सिटी कंपनी ने करवाया था। उस समय इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श सड़क बताया गया था। क्षेत्र में 24 घंटे जलापूर्ति समेत कई सुविधाएं देने का दावा भी किया गया था, लेकिन अधिकांश दावे धरातल पर नहीं उतरे। अब सड़क की मरम्मत भी नगर निगम को करनी पड़ रही है।

मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि स्मार्ट सिटी क्षेत्र के रहवासियों से अन्य क्षेत्रों की तुलना में अतिरिक्त टैक्स और विभिन्न प्रकार के शुल्क लिए जाते हैं। भवन निर्माण के नक्शे मंजूर कराने के लिए भी सामान्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक शुल्क देना पड़ता है। इसके बावजूद सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। सड़क पर कई स्थानों पर डामर के पैच दिखाई देने लगे हैं। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता और स्मार्ट सिटी के तहत कराए गए कार्यों की टिकाऊ क्षमता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। निर्माण के समय भी उठे थे गुणवत्ता पर सवाल, चैंबर भी गड़बड़ बने स्मार्ट सिटी की इस सड़क पर शुरू से ही विवाद चल रहे हैं। पहले निर्माण में सेंट्रल लाइन को लेकर आपत्ति आई, फिर बाधाएं हटाने में विवाद हुए। जब सड़क बन रही थी, तभी रहवासियों ने स्मार्ट सिटी कंपनी को खराब निर्माण की शिकायत की थी।

---

रोड बनाते समय ही डाले स्टाम वाटर लाइन

# निगम कमिश्नर बोले - बारिश के दौरान रखे विशेष सुरक्षा व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर में बन रही सड़कों का काम देखने के लिए नगर निगम कमिश्नर बुधवार को मैदान में उतरे। उन्होंने अलग-अलग जगह पर बन रही सड़कों के काम को देखा और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने सदर बाजार से गुटकेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णाण से रिंग रोड, मूसाखेड़ी सर्विस रोड निर्माण कामों को देखा। संबंधित एजेंसी को काम को जल्दी पूरा करने के साथ ही बारिश को देखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

इसके बाद निगम कमिश्नर ने जम-जम चौराहे से स्टार चौराहे तक बन रही मास्टर प्लान की रोड को देखा। रोड बनाने के साथ ही पानी की निकासी को भी सुनिश्चित करने के लिए स्टाम वाटर लाइन काम के दौरान ही डालने को कहा है। निगम कमिश्नर ने इस दौरान निर्माण एजेंसी को काम तेजी से करने के निर्देश दिए हैं।



---

इंदौर में एक्शन मोड में नगर निगम, आग की घटनाओं को रोकने के लिए जारी कार्रवाई

# कई संस्थानों को सील करने की कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आग की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम एक्शन मोड में हैं। बुधवार को नगर निगम की टीम ने अलग-अलग जगह कार्रवाई कर कई संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की।

भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक भवन अनुज्ञा शाखा, नगर पालिका निगम इंदौर ने शहर के सभी हाई फुट फाल वाले इलाकों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था लगाने का काम करवाया जा रहा है। जिन बिल्डिगों में अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे है या बंद है उनमें भवन स्वामियों, संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं।




जिन बिल्डिगों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है या सुरक्षा उपकरण बंद मिले हैं। ऐसे 152 बिल्डिगों को सील करने की कार्रवाई की जा चुकी है।

बुधवार को शहर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण जोन क्रमांक 18 सत्याधि शर्मा क्लासेज और जोन 11 अंतर्गत सिल्वर संचोरा कॉन्क्विशयल कॉम्प्लेक्स, जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत स्थित ढव3 कॉलोनी के भूखंड क्रमांक 12 एवं भूखंड क्रमांक 15 में स्थित महावीर स्पोट्र्स, नेचुरल्स आइसक्रीम आउटलेट, स्नोबैरी, बॉम्बे डाइंग, स्पा 99, ला पियानो पिज्जा, जासूमा आनंदम मेस, एवले अमृतल चाय, जयपुरी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नहलानी रियर एस्टेट, जियो रियलिटीज प्राइवेट लिमिटेड, सेंट्रल कॉलेज इंदौर, मार्सल्स, वस्कुलर कॉन्सेप्ट लिमिटेड, दीपक गुप्ता रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, द आरकेन स्पेस, पारस पॉलीफैब्रिकेटेड लिमिटेड, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लिमिटेड,एरानिस ग्रुप, शगुन फार्मास्यूटिकल्स,वी क्रिएट, प्रकृति हर्बल प्रॉडक्ट्स, स्वास्तिक इंजीनियरिंग एंड आर्किटेक्चर,अपेक्स कॉरपोरेशन, ड्रीम स्पेस रियलिटी, यूरेका फॉक्स लिमिटेड, मयंक अग्रवाल एंड कंपनी, स्काई एरेना, श्री गोरैक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, स्टडी इन आदि में पर्याप्त अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं होने से प्रतिष्ठानों, भवनों, दुकानों, ऑफिस को सील किया गया।

---

बड़नगर मोहर्रम जुलूस ब्लास्ट मामला हाईकोर्ट पहुंचा: राज्य सरकार से एक सप्ताह में जवाब तलब

# एनआईए जांच और धार्मिक जुलूसों के लिए एसओपी बनाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

उज्जैन जिले के बड़नगर में मोहर्रम जुलूस के दौरान क्रेन से करीब 40 फीट ऊंचाई पर टाटा मैजिक वैन लटकाकर उसमें विस्फोटक पटाखे फोड़ने के मामले में अब इंदौर हाईकोर्ट में बुधवार को जनहित याचिका दायर की गई है।

याचिका में पूरे घटनाक्रम की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी या सीबीआई से कराने और भविष्य में धार्मिक जुलूसों के दौरान ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने की मांग की गई है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश प्राप्त कर जवाब पेश करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।



**मोहर्रम जुलूस के दौरान हुआ था विस्फोट-** 23-24 जून की दरमियानी रात बड़नगर के अडान मोहल्ले से निकले मोहर्रम जुलूस के दौरान जय स्तंभ चौक पर क्रेन की मदद से एक कबाड़ टाटा मैजिक वैन को हवा में लटकाया गया था। वैन के ऊपर चढ़े जाहिद और तस्लीम लाल झंडे लहरा रहे थे।

इसी दौरान वाहन के भीतर रखे बड़ी मात्रा में रॉकेट और सुतली बमों में आग लगा दी गई, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के बाद कांच और लोहे के टुकड़े नीचे मौजूद हजारों लोगों के बीच गिरे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया।

**एक सप्ताह बाद होगी अगली सुनवाई-** हाईकोर्ट ने मामले में राज्य शासन से निर्देश प्राप्त कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। प्रकरण की अगली सुनवाई आगामी सप्ताह निर्धारित की गई है।

#### तीन आरोपियों पर रासुका

घटना के बाद पुलिस ने शोएब उर्फ गब्बू खान, जाहिद खान और तपसील उर्फ तस्लीम, सभी निवासी अडान मोहल्ला, को गिरफ्तार किया। बाद में तीनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (ठरअ) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी सुरक्षा में केंद्रीय जेल भेरूगढ़ (उज्जैन) भेज दिया गया।

#### हाईकोर्ट में जनहित याचिका

सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुमित हार्डिया ने इंदौर हाईकोर्ट की खंडपीठ में जनहित याचिका दायर की है। उनकी ओर से अधिवक्ता जायेश गुरनानी ने पैरवी की। याचिका में घटना की जांच एनआईए अथवा सीबीआई से कराने, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा धार्मिक जुलूसों के लिए व्यापक एसओपी तैयार करने की मांग की गई है।

#### एनआईए जांच की दलील


सुनवाई के दौरान अधिवक्ता जायेश गुरनानी ने तर्क दिया कि यदि इस मामले में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 के तहत अपराध बनता है, तो यह राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 के तहत अनुसूचित अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसी स्थिति में मामले की जांच एनआईए द्वारा कराई जानी चाहिए। याचिकाकर्ता सुमित हार्डिया ने यह मांग भी उठाई कि यह भी जांच का विषय है कि कहीं यह घटना किसी तरह की 'ब्लास्ट मॉक ड्रिल' तो नहीं थी।

# दूसरे डेयरी के नाम का फर्जी बिल देकर होटलों में सप्लाई हो रहा था पनीर, जब्त कर सेंपल भेजे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में खाद्य विभाग ने पनीर सप्लाई से जुड़े एक कथित फजीर्वाड़े का खुलासा किया है। विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा, जो एक डेयरी से पनीर लाकर दूसरी डेयरी के नाम का बिल होटल संचालकों को दे रहा था। टीम ने पनीर के नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं और मामले की सूचना पुलिस को भी दी जा रही है।






जानकारी के अनुसार अतुल बढ़वार नामक युवक रोज की तरह महाकाल मंदिर क्षेत्र स्थित चौबीस खंभा माता मंदिर के पीछे संचालित सतयुग इन होटल में पनीर की सप्लाई करने पहुंचा था। इसी दौरान शिकायत के आधार पर पहले से मौजूद खाद्य विभाग की टीम ने उसे रोककर पूछताछ की।

**युवक से लाइसेंस और पुराने बिल मांगे–** खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत शर्मा और बीएस देवलिया की पूछताछ में सामने आया कि अतुल नागझिरी स्थित यशोदा डेयरी से पनीर खरीदकर लाता था, लेकिन होटल संचालकों को फ्रीगंज स्थित मधुर डेयरी के नाम का बिल उपलब्ध कराता था। जांच के दौरान टीम ने युवक के पास मौजूद पनीर जब्त कर लिया और उसके नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए। साथ ही पुराने बिल और संबंधित लाइसेंस भी मांगे गए हैं।

**जांच के लिए भेजा पनीर–** खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फर्जी बिलों का उपयोग किए जाने की बात सामने आई है। मामले में दस्तावेजों की जांच की जा रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में महाकाल थाना पुलिस को भी सूचना दी जा रही है।

अब खाद्य विभाग प्रयोगशाला रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पनीर की गुणवत्ता और फर्जी बिलों के मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कल योगिनी एकादशी मनाई जाएगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

इंद्र दमन श्री गोवर्धन नाथ जी की हवेली कार्तिक चौक में विशेष श्रृंगार होगाभगवान श्री कृष्ण को योग मुद्रा वाले आसन में विराजमान मानकर उनकी विशेष सेवा की जाती है। इस दिन श्री कृष्ण को ऋतु फल कुंज के ताजे फूल से विशेष श्रृंगार किया जाता है। सेहरा अर्थात फूलों का सुंदर मुकुट या माला धारण कराई जाती है।

इसके बाद भगवान चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। पुष्टिमार्ग में इस अवधि में सेवा विशेष रहती है। ठाकुर जी को तुलसी बहुत प्रिय है। इस दिन एकादशी के व्रत के साथ तुलसी की पूजा का भी विशेष महत्व है गोवर्धन नाथ जी की हवेली कार्तिक चौक के मुखिया डॉक्टर शरद भट्ट ने बताया कि अधिक मास के बाद आ रही यह एकादशी योगिनी एकादशी के नाम से पहचानी जाती है। यह व्रत सभी को करना चाहिए हालांकि वैष्णव तो एकादशी व्रत को करते ही हैं। डॉक्टर भट्ट ने बताया कि इस दिन हवेली में गोवर्धन नाथ जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है कीर्तन वार्ता कथा का क्रम भी चलता है।



**रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर का रीयूनियन**

# अंशुला के रिसेप्शन में तूने मारी एंट्रियां पर साथ में किया डांस, धुरंधर के गाने पर भी झूमे



अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने 6 जुलाई को स्क्रीनराइटर रोहन ठक्कर से शादी की। इसके बाद मंगलवार शाम मुंबई में उनका ग्रैंड वेडिंग रिसेप्शन आयोजित किया गया। इस मौके पर बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए। रिसेप्शन में सबसे ज्यादा चर्चा रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर की डांस परफॉर्मेंस की हुई। दोनों ने अपनी फिल्म गुंडे (2014) के फेमस गाने तूने मारी एंट्रियां पर डांस किया। इस दौरान दोनों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी बिक्रम और बाला की यादें भी ताजा हो गईं। वहीं दोनों धुरंधर के गाने पर भी झूमते दिखे कार्यक्रम में सिंगर हिमेश रेशमिया ने लाइव परफॉर्मेंस दी। रणवीर और अर्जुन स्टेज पर उनके साथ नजर आए और मुझको याद सताए तेरी समेत कई गानों पर गाते और झूमते दिखाई दिए। शादी की तस्वीरों के साथ अंशुला ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा था, 06.07.2026। इतने सारे लोगों में, इतनी सारी जगहों में और इतने सही-गलत वक्तों के बीच, वो तुम थे। और जिंदगी के हर मोड़, हर उतार-चढ़ाव और हर अनपेक्षित सफर के बाद भी। आज भी तुम ही हो। मेरी सबसे पसंदीदा बातचीत। मेरी सबसे सुकूनभरी जगह। मेरी सबसे आसान और सबसे खूबसूरत पसंद। हमेशा तुम ही रोहन ठक्कर। अर्जुन कपूर ने भी शादी के बाद सोशल मीडिया से अंशुला के लिए भावुक पोस्ट शेयर की। उन्होंने लिखा, मेरी अंश के नाम, तुम हमेशा मेरी रहोगी, लेकिन अब वक्त आ गया है कि मैं तुम्हें नई राह पर जाने दूं। आज तुम रोहन के साथ अपनी नई जिंदगी की शुरूआत कर रही हो। तुम्हें मुस्कुराते हुए देखकर मेरा दिल, मेरा मन और मेरी आत्मा बेहद खुश हैं। मैंने तुम्हें बचपन से बड़ा होते देखा है और आज तुम एक ऐसी शानदार महिला बन गई हो, जो हर कदम पर हमारी मां की छवि को अपने भीतर समेटे हुए है।

**दृश्यम 3 का नया नैरेटिव तैयार**

# शैतान 2 पर लगा ब्रेक; जुलाई 2026 से लंदन में नई हॉरर फिल्म शुरू करेंगे अजय देवगन

अजय देवगन की आगामी फिल्मों को लेकर इंडस्ट्री में लगातार चर्चा बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार...फिलहाल उनका फोकस कई अलग-अलग प्रोजेक्ट्स पर है। इनमें धमाल 4, दृश्यम 3, गोलमाल फ्रेंचाइज की अगली फिल्म और हाल ही में टीजर के बाद चर्चा में आई चौहान शामिल हैं।

वहीं, हॉरर-थ्रिलर शैतान के सीक्वल को लेकर फिलहाल किसी सक्रिय प्रगति की जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों का यह भी कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में अजय देवगन ने खुद को सिर्फ एक्शन फिल्मों तक सीमित नहीं रखा है। उनकी मौजूदा फिल्म लाइनअप में कॉमेडी, इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर, हॉरर और ड्रामा जैसी अलग-अलग शैलियों की फिल्में शामिल हैं, जो एक अभिनेता के रूप में उनके विविध प्रयोगों को दर्शाती हैं।

शैतान 2 फिलहाल सक्रिय डेवलपमेंट में नहीं है। फिल्म की शूटिंग या प्री-प्रोडक्शन को लेकर अभी तक कोई नई गतिविधि सामने नहीं आई है। इसी बीच खबर है कि अजय देवगन निर्देशक रोहित जुगराज की एक बड़े बजट की अनटाइटल्ड हॉरर फिल्म से इस जॉनर में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चरण में है और इसकी शूटिंग जुलाई 2026 से शुरू होने की संभावना है। निर्माण कुमार मंगत पाठक कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म पारंपरिक भूतिया कहानियों से अलग गॉथिक हॉरर की शैली में होगी और इसकी कहानी लंदन की पृष्ठभूमि पर आधारित रहेगी। सूत्रों का दावा है कि अजय देवगन इसमें एक रहस्यमयी और अलौकिक शक्तियों वाले किरदार में नजर आएंगे, जिसके लिए उनके लुक पर भी विशेष काम किया जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि रोहित जुगराज ने अपने करियर की शुरूआत राम गोपाल वर्मा के साथ की थी और 2003 की फिल्म भूत में सहायक निर्देशक रहे थे।

फिल्म दृश्यम 3 की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। बताया जा रहा है कि एडिटिंग, बैकग्राउंड स्कोर और अन्य तकनीकी कार्य तेजी से चल रहे हैं। हालांकि निमार्ताओं ने अभी तक इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...इस बार हिंदी संस्करण की कहानी मलयालम दृश्यम 3 से अलग विकसित की गई है। यानी हिंदी दर्शकों के लिए एक नया नैरेटिव तैयार किया गया है, ताकि कहानी में ताजगी बनी रहे। कास्टिंग को लेकर भी कई चचाएं हैं।

सूत्रों का दावा है कि तबु तीसरे पार्ट में भी अपनी भूमिका निभा सकती हैं। वहीं प्रकाश राज के वकील की भूमिका में और जयदीप अहलावत नए जांच अधिकारी के किरदार में नजर आने की चर्चा है। यह भी कहा जा रहा है कि पिछली फिल्म में अक्षय खन्ना के जांच वाले ट्रैक को इस बार नए अधिकारी के जरिए आगे बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, पूरी स्टारकास्ट और किरदारों को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

फिल्म धमाल 4 के प्रमोशन में जुटी टीम, रिलीज से पहले होगा बड़ा प्रमोशनल

अजय देवगन की धमाल 4 रिलीज से पहले प्रमोशनल चरण में पहुंच चुकी है। सूत्रों के अनुसार...फिल्म की टीम लगातार प्रचार गतिविधियों में हिस्सा ले रही है। अजय देवगन के साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी, रवि किशन समेत अन्य कलाकार भी विभिन्न प्रमोशनल इवेंट्स में नजर आ रहे हैं। बताया जा

# संजीव कुमार की एक शर्त और हेमा से शादी टूटी

1933 के आसपास की बात है। महाराष्ट्र और गुजरात की सीमा के पास स्थित माता रानी के एक मंदिर में एक महिला पहुंची। मान्यता थी कि यहां सच्चे मन से मांगी गई कोई भी मुराद कभी खाली नहीं जाती। महिला की बस एक ही कामना थी-एक बेटे की। उसने माता रानी के चरणों में सिर झुकाकर मन्नत मांगी, अगर मुझे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई, तो मैं उसे दस साल तक उधार मांगकर लाए गए कपड़े ही पहनाऊंगी।

समय बीता और माता रानी ने उसकी पुकार सुन ली। उसके घर एक बेटे का जन्म हुआ। यही बच्चा आगे चलकर भारतीय सिनेमा का एक ऐसा सितारा बना, जिसकी अदाकारी आज भी मिसाल मानी जाती है। उसने फिल्म शोले में ठाकुर बलदेव सिंह के किरदार को अमर कर दिया।

## संजीव कुमार के पिता ने तीन शादियां की थीं

संजीव कुमार के पिता जेठालाल शिवलाल जरीवाला गुजरात के सूरत के एक संपन्न जरी व्यापारी थे। उनके परिवार के पास आलीशान हवेली, घोड़ा-गाड़ी और उस दौर की तमाम शान-ओ-शौकत थी, लेकिन इतनी संपत्ति होने के बावजूद उनकी निजी जिंदगी में कई दुख आए।



संजीव कुमार के भतीजे उदय जरीवाला की किताब संजीव कुमारः द एक्टर वी ऑल लव्ड के अनुसार, जेठालाल की पहली शादी से दो बेटियां लक्ष्मी और जसु हुईं। कुछ समय बाद उनकी पहली पत्नी का बीमारी के कारण निधन हो गया। इसके बाद उन्होंने दूसरी शादी की। दूसरी पत्नी ने एक बेटी भगवती को जन्म दिया, लेकिन प्रसव के दौरान उनका भी निधन हो गया। इसके बाद जेठालाल की तीसरी शादी शांता बेन से हुई। शांता बेन की सबसे बड़ी इच्छा थी कि परिवार को एक बेटा मिले। इसके लिए वह महाराष्ट्र-गुजरात सीमा पर स्थित चारोटी के माता मंदिर में जाकर मन्नत मांगती थीं। उन्होंने प्रण लिया कि यदि बेटा हुआ, तो उसे 10 साल तक दान में मिले कपड़े उसे पहनाएंगी और उसका मुंडन भी उसी मंदिर में कराएंगी। करीब पांच साल बाद उनकी मन्नत पूरी हुई और 9 जुलाई 1938 को हरिहर जरीवाला का जन्म हुआ। यही हरिहर आगे चलकर हिंदी सिनेमा के मशहूर अभिनेता संजीव कुमार के नाम से पहचाने गए।

## कैसे हरिहर जरीवाला बने संजीव कुमार

संजीव कुमार को उनका नाम संजीव कुमार देने का श्रेय फिल्ममेकर सावन कुमार टाक को जाता है। 1960 के दशक की शुरूआत में सावन कुमार ने मुंबई के तेजपाल थिएटर में इप्टा (क्ढळअ) का एक नाटक देखा। उस नाटक में संजीव कुमार की दमदार एक्टिंग ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने वहीं तय कर लिया कि वे उन्हें अपनी फिल्म में मौका देंगे। नाटक खत्म होने के बाद उन्होंने संजीव कुमार को चाय पर बुलाया और अपनी फिल्म नौनिहाल की कहानी सुनाने लगे। कहानी सुनते-सुनते संजीव कुमार ने हैरानी से पूछा, ह्लआप मुझे यह कहानी क्यों सुना रहे हैं?ह्व

सावन कुमार ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ह्लक्योंकि मैं तुम्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता हूं। हालांकि, सावन कुमार की एक शर्त थी। उन्होंने कहा कि हरिहर जरीवाला नाम फिल्मों के लिए उतना प्रभावशाली नहीं लगता। उस दौर में राज कुमार, दिलीप कुमार, मनोज कुमार और राजेंद्र कुमार जैसे कलाकारों का नाम खूब चल रहा था। इसलिए उन्होंने पहले संजय कुमार नाम सुझाया, लेकिन उसी समय एक्टर संजय खान भी इंडस्ट्री में आ चुके थे। ऐसे में दोनों ने मिलकर नया नाम चुना-संजीव कुमार।

फिल्म के सेट पर सबके सामने नूतन ने थप्पड़ जड़ा था

संजीव कुमार का नाम एक्ट्रेस नूतन से भी जुड़ा। संजीव कुमार और नूतन की मुलाकात 1968 में फिल्म गौरी के सेट पर हुई और बाद में देवी की शूटिंग के दौरान उनकी दोस्ती और गहरी हो गई।

पत्रकार हनीफ जवेरी ने विक्की ललवानी को दिए इंटरव्यू में बताया था कि एक दिन नूतन और उनके पति रजनीश बहल के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। संजीव कुमार ने हालात संभालने की नीयत से रजनीश बहल को फोन किया था, लेकिन इसका उल्टा असर हुआ और उनके पति का गुस्सा और बढ़ गया। अगले दिन अपने पति को यह भरोसा दिलाने के लिए कि उनका संजीव कुमार से कोई रिश्ता नहीं है, नूतन शूटिंग के सेट पर पहुंचीं और संजीव कुमार को थप्पड़ मारा था। इस घटना से फिल्म देवी की शूटिंग रुक गई और दोनों कलाकार अलग-अलग चले गए। संजीव कुमार की अधूरी प्रेम कहानियों में सबसे चर्चित नाम हेमा मालिनी का है। दोनों का रिश्ता शादी तक पहुंचने की संभावना तक बन गई थी। हालांकि, एक शर्त ने इस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म कर दिया। 1972 में फिल्म सीता और गीता की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार और हेमा मालिनी के बीच नजदीकियां बढ़ीं। पत्रकार हनीफ जवेरी के मुताबिक, संजीव कुमार हेमा मालिनी को लेकर काफी सीरियस थे। दोनों के परिवारों के बीच शादी की बात भी पहुंच गई थी, लेकिन यहीं एक शर्त ने रिश्ते को तोड़ दिया।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## रंग भरकर चित्र बनाओ








## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
9. धावक (अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पांव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

**ऊपर से नीचे**

1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फेंककर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ, रास्ता, मार्ग-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 45 | | 2 | | 20 | = | 47 |
| | | | | | | | | |
| 64 | | 55 | | 47 | | 35 | = | 21 |
| | | | | | | | | |
| 75 | | 56 | | 60 | | 7 | = | 72 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 7 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 59 | | 22 | | 36 | | 42 | = | 20 / 31 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | ह | ब | द्री | ना | थ | य | ऋ | ज | पे | वी |
| द | गा | ल | प्र | व | जी | म | षि | ह | कां | जं |
| वि | स | की | वै | को | ह | त | के | ल | ख | गो |
| के | स | स | क | ष्णो | वा | ज | ष | ह | श | त्री |
| दा | आ | र | ग | स | दे | ना | तू | रि | इ | प |
| र | ल | ला | र | द्वि | म | वी | ती | द्वा | प | रि |
| ना | व | का | शी | प | वा | ज | र | र | ना | थ |
| थ | वा | ई | द | व | र्ड | दू | ए | श | सि | मी |
| ह | ल | अ | म | र | ना | थ | ग | शी | क | र |
| गों | ल | प | लि | जी | सी | ला | कें | ल | द | वि |
| वा | रा | ण | सी | क्षी | हि | त | व | प | म | र |

शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढ़िए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

हरिद्वार, गंगोत्री, वैष्णोदेवी, बद्रीनाथ, नासिक, केदारनाथ, अमरनाथ, ऋषिकेष, काशी, वाराणसी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 5 | | 3 | | 2 |
| | 32 | 7 | 32 | | 30 | |
| 3 | | 4 | 6 | | | 7 |
| | 22 | | 37 | 7 | 39 | |
| 4 | | 2 | | | 1 | 5 |
| | 34 | | 34 | 5 | 28 | |
| 7 | | 6 | 3 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | + | 3 | - | 24 | x | 3 | = | 36 |
| - | | x | | + | | x | | + |
| 25 | - | 10 | + | 41 | + | 8 | = | 64 |
| x | | + | | + | | + | | + |
| 5 | x | 2 | + | 1 | - | 10 | = | 1 |
| - | | - | | - | | - | | - |
| 35 | + | 10 | - | 29 | + | 15 | = | 31 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 5 | - | 5 | + | 36 | - | 19 | = | |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 36 | 2 | 37 | 3 | 25 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल-

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल ! का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

### करीब सात महीने पहले भंग हुई उज्जैन स्थानीय अखाड़ा परिषद का बुधवार को पुनर्गठन कर दिया गया

# अध्यक्ष बोले- मनमुटाव खत्म, अब मिलकर 2028 सिंहस्थ को दिव्य-भव्य बनाएंगे

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

करीब सात महीने पहले भंग हुई उज्जैन स्थानीय अखाड़ा परिषद का बुधवार को पुनर्गठन कर दिया गया।

निरंजनी अखाड़े में आयोजित बैठक में शैव, वैष्णव, उदासीन, नाथ और अन्य संप्रदायों के संत-महंत एक मंच पर आए और परिषद को फिर से सक्रिय करने का निर्णय लिया। संतों ने यह भी तय किया कि वर्ष 2028 के सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों और प्रशासन से जुड़े सभी विषयों पर अब संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा।

इस बैठक में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रवींद्र पुरी महाराज, निर्मोही अखाड़े के श्रीमहंत मदन मोहन दास महाराज सहित सभी प्रमुख अखाड़ों के संत-महंत मौजूद रहे। बैठक में उज्जैन और नासिक कुंभ से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई तथा सभी ने एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

**सात महीने पहले मतभेद के चलते परिषद हुई थी भंग-** 30 नवंबर 2025 को दत्त अखाड़े में आयोजित आपात बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने इस्तीफा देकर परिषद को भंग कर दिया था। इसके बाद शैव और वैष्णव संप्रदायों के बीच मतभेद गहरा गए थे। वैष्णव अखाड़ों ने अलग होकर 'रामादल अखाड़ा परिषद' के गठन की घोषणा कर दी थी और सिंहस्थ से जुड़े मामलों में अलग से प्रशासन से चर्चा करने की बात कही थी। हालांकि, पिछले कुछ समय से दोनों पक्षों के बीच संवाद जारी था। मंगलवार को निमोर्ही अखाड़े की ओर से श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज के नेतृत्व का समर्थन किए जाने के बाद बुधवार को सभी संत एक साथ बैठे और परिषद को पुनर्जीवित करने पर सहमति बन गई।

**प्रशासन को देंगे संयुक्त सुझाव-** स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज ने कहा कि परिषद को पुनर्जीवित कर दिया गया है और पूर्व के सभी पदाधिकारी पहले की तरह अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। अब शैव, वैष्णव, उदासीन, नाथ सहित सभी संप्रदाय मिलकर प्रशासन के साथ समन्वय करेंगे और सिंहस्थ-2028 के लिए आवश्यक सुझाव संयुक्त रूप से देंगे। उन्होंने कहा कि परिषद को दोबारा सक्रिय करने का उद्देश्य संत समाज की एकता बनाए रखना और सिंहस्थ की तैयारियों में बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

**रवींद्र पुरी बोले- अब कोई मनमुटाव नहीं-** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि सभी संतों के बीच जो भी मतभेद थे, वे अब समाप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य 2028 का सिंहस्थ कुंभ दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाना है। सभी अखाड़े एक साथ मिलकर कार्य करेंगे और शासन-प्रशासन को आवश्यक सहयोग देंगे।

### बैठक में ये संत-महंत रहे मौजूद

बैठक में महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज, महंत भगवान दास महाराज, जूना अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रामेश्वर गिरी महाराज, महानिवार्णी अखाड़े के महंत श्याम गिरी महाराज, राधे-राधे बाबा, आनंद अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरानंद सरस्वती महाराज (नासिक), महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर भगवान बापू, दिगंबर अखाड़े के महंत रामचंद्र दास महाराज, निर्वाणी अखाड़े के महंत दिग्विजय दास महाराज, निर्मोही अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीताराम दास महाराज, महंत महावीरनाथ महाराज, भगवान दास महाराज, सारंगी महाराज, सेवागिरी महाराज, कृष्णानंद ब्रह्मचारी महाराज, विशाल दास तथा परिषद के प्रबंधक डॉ. गोविंद सोलंकी सहित बड़ी संख्या में संत-महंत उपस्थित रहे।



यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 09 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

पद्मानने पद्मविपद्मपत्रे पद्मप्रिये पद्मदलायताक्षि।
विश्वप्रिये विष्णुमनोऽनुकूले त्वत्पादपद्मं मयि सं नि धत्स्व ॥

**भावार्थ** : कमल के समान मुखवाली! कमलदल पर अपने चरणकमल रखनेवाली! कमल में प्रीति रखनेवाली! कमलदल के समान विशाल नेत्रोंवाली! समग्र संसार के लिये प्रिय! भगवान विष्णु के मन के अनुकूल आचरण करनेवाली! आप अपने चरणकमल को मेरे हृदय में स्थापित करें।

य: शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्।
सूक्तं पञ्चदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत्॥

**भावार्थ** : जिसे लक्ष्मी की कामना हो, वह प्रतिदिन पवित्र और संयमशील होकर अग्नि में घृत की आहुतियाँ देवें तथा इन पंद्रह ऋचाओं वाले श्री सूक्त का निरन्तर पाठ करे।

## राज्यसर्वकाराय बकाया सह पेन्शनं दातुं निर्देशं दत्तवान्

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

सुनवाई के दौरान जबलपुर उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी के एकल पीठ द्वारा अवलोकन किया कि मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सेनानी सम्मान निधि नियम, 1972 के अन्तर्गत परिवार की परिभाषा में अविवाहित पुत्री अपि अन्तर्भवति। फलतः कार्यपालिकाद्वारा निर्गतं कोऽपि परिपत्रः एतान् वैधानिकनियमान् अतिक्रमितुं वा न्यूनीकर्तुं वा न शक्नोति। न्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् २००४ तमे वर्षस्य परिपत्रं १९७२ तमे वर्षे निर्मितं नियमं अतिक्रमितुं न शक्नोति, न च एतादृशस्य परिपत्रस्य आधारेण योग्यस्य व्यक्तिस्य अधिकारः निरस्तः कर्तुं शक्यते।

## सम्पादकीयम्

### भाजपायाः विधिव्यवस्था निर्वाचनविषयः

राजनैतिकहिंसा कथमपि न्याय्यं न भवितुम् अर्हति। अस्मिन् समये राज्येन परिवर्तनार्थं मतदानं कृतम्, सः परिवर्तनः राजनैतिकपरिदृश्ये अपि प्रतिबिम्बितः भवेत्। भाजपायाः विधिव्यवस्था निर्वाचनविषयः कृतः आसीत्। अधुना सर्वकारे स्थित्वा सवेषां सुरक्षायाः उत्तरदायित्वं तेषां एव वर्तते। न कश्चित् कारणात् स्वहस्ते विधिं ग्रहीतुं अर्हति। सुधारः नास्ति : निर्वाचनोत्तरहिंसा बङ्गदेशे एकः दीर्घकालीनः रोगः अस्ति। २०२१ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचनानन्तरं अपि शतशः हिंसाप्रकरणाः पञ्जीकृताः। तस्मिन् समये राष्ट्रियमानवाधिकारआयोगेन १९०० तः अधिकानां प्रकरणानाम् अन्वेषणं कृत्वा स्थानीयपुलिसप्रशासनयोः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः। परन्तु २०२३ तमस्य वर्षस्य पंचायतनिर्वाचनस्य वा २०२४ तमस्य वर्षस्य सामान्यनिर्वाचनस्य वा कृते अस्मात् कोऽपि पाठः न ज्ञातः। अस्मिन् समये अपि निर्वाचनपरिणामस्य घोषणायाः अनन्तरमेव विभिन्नस्थानात् तोड़फोड़स्य, शारीरिकप्रहारस्य च सूचनाः उद्धृताः। सुवेन्दु अधिकारी का पीए चन्द्रनाथ रथ वध हुआ। परिणामस्य केवलं त्रयः दिवसाः अन्तः बङ्गालपुलिसः २०० तः अधिकाः प्रकरणाः पञ्जीकृत्य ४०० तः अधिकाः व्यक्तिः गृहीतवान् आसीत्। शासने प्रभावः - ममता बनर्जी इत्यस्याः नेतृत्वे टीएमसी अद्य स्वनेतृणां उपरि आक्रमणानां विरुद्धं विरोधं कर्तुं निश्चिता अस्ति।

#### प्रचण्डवृष्ट्या मुम्बईनगरं पुनः स्थगितम् अस्ति

## जलप्रलयः तथा स्थानीयरेलसेवाः प्रभाविताः आईएमडी नूतनं चेतावनीम् अयच्छति

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई



गुरुवासरे द्वितीयदिनं यावत् मानसूनवृष्ट्या मुम्बईनगरे सामान्यजीवनं बाधितं जातम्। अनेकनिम्नक्षेत्रेषु जलप्रलयेन मार्गयातायातस्य घोरः प्रभावः अभवत्, उपनगरीयस्थानीयरेलसेवासु अपि विलम्बः अभवत्। भारतस्य मौसमविभागेन आगामिषु २४ घण्टेषु अधिकवृष्टिः भविष्यति इति पूर्वानुमानं कृत्वा जनाः सावधानाः भवन्तु इति आग्रहः कृतः। मुम्बईनगरे २४ घण्टानां प्रचण्डवृष्टेः अधः रीलः भवति; मुलुण्ड्-नगरे, सांताक्रूज्-नगरे, पोवाई-नगरे च सर्वाधिकं वर्षा भवति।

**जलप्रलयेन प्रभावितः मार्गयानयानम्**- निरन्तरवृष्ट्या मुम्बई-नगरस्य अनेकेषु निम्नक्षेत्रेषु, तस्य उपनगरेषु च जलसञ्चयः अभवत्। जलप्रलयेन प्रमुखमार्गेषु वाहनानां गतिः मन्दता अभवत्, अनेकेषु स्थानेषु दीर्घकालं यावत् यातायातस्य जामः अपि अभवत्। बीएमसी-दलानि जलयुक्तानां क्षेत्राणां निरीक्षणं कुर्वन्ति, जलस्य निर्वहनार्थं नालिकाः स्वच्छं कर्तुं कार्यं च प्रचलति। अधिकारिणां मते प्रचण्डवृष्ट्या, प्रचण्डवायुना च नगरस्य केषुचित् भागेषु वृक्षशाखाः पतिताः, प्रातःकाले व्यस्तसमये यातायातस्य अधिकं बाधा अभवत्

मुम्बई-नगरस्य जीवनरेखा इति मन्यमानाः उपनगरीयस्थानीयरेलसेवाः अपि वर्षायाः कारणेन प्रभाविताः सन्ति। केषुचित् केन्द्रीयरेलमार्गेषु रेलयानस्य गतिः विलम्बिता अभवत, येन यात्रिकाः अनेकस्थानकेषु २५ निमेषपर्यन्तं प्रतीक्षां कर्तुं बाध्यन्ते स्म। रेलवे-अधिकारिणः अवदन् यत् प्रतिकूल-मौसमं, यात्रिक-सुरक्षां च मनसि कृत्वा सावधानीपूर्वकं कार्याणि क्रियन्ते। यात्रिकाः यात्रायाः पूर्वं रेलसेवानां नवीनतमं अपडेट् पश्यन्तु इति सल्लाहः दत्तः अस्ति।

भारतस्य मौसमविभागेन आगामिषु २४ घण्टेषु मुम्बई-नगरस्य परिसरेषु च मध्यमतः अधिकावृष्टिः भविष्यति इति पूर्वानुमानं कृतम् अस्ति। मौसमविभागेन मुम्बईमहानगरक्षेत्रस्य अपि च ठाणे, पालघरस्य, रायगडस्य च कृते अलर्टः जारीकृतः अस्ति। आईएमडी-संस्थायाः अनुसारं प्रचण्डवृष्ट्या जलप्रवाहः, दृश्यता न्यूनीभवति, मार्गरेलयानयानयोः अधिकविघटनं च भवितुम् अर्हति। अनावश्यकयात्रायाः परिहाराय, मौसमविभागेन निर्गतमार्गदर्शिकानां च अनुसरणं कर्तुं जनान् सल्लाहः दत्तः अस्ति। बृहन्मुम्बईनगरनिगमेन अन्यैः आपत्कालीनसंस्थाभिः जलप्रवणक्षेत्रेषु विशेषदलानि नियोजितानि सन्ति। नालिकानां सफाई, पतितानां वृक्षाणां निष्कासनं, नागरिकानां आक्रोशानां शीघ्रं निवारणं च इत्यादीनां कार्याणां निरीक्षणार्थं अधिकारिणः नित्यं सतर्कतां धारयन्ति। प्रशासनस्य कथनमस्ति यत् महाराष्ट्रे मानसूनस्य तीव्रतायां सर्वे प्रासंगिकविभागाः कस्यापि आपत्कालीनस्थितेः तत्कालं प्रतिक्रियां सुनिश्चित्य उच्चसतर्काः सन्ति।

#### ई-उपस्थिति-अन्तराणां विषये

## डीपीआई सख्त; अनुपस्थितशिक्षकाणां वेतनं संसाधितं

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य विद्यालयशिक्षाविभागेन ई-उपस्थितिव्यवस्थायाः विषये लापरवाही दर्शयन्तः शिक्षकाः अधिकारिणः च विरुद्धं सख्तः रुखः स्वीकृतः अस्ति। लोकनिर्देशनिदेशालयेन सर्वेभ्यः संभागीयसहनिदेशकेभ्यः जिलाशिक्षापदाधिकारिभ्यः च निदेर्शाः जारीकृताः, येषु स्पष्टीकृतं यत ये क्लस्टरप्रधानाध्यापकाः ई-उपस्थितिं अभिलेखयितुम् असफलाः शिक्षकाः वेतनबिलानि अग्रे प्रेषयन्ति, तेषां निलम्बनस्य अथवा अनुशासनात्मककार्याणां सामना करणीयः भविष्यति। कृतस्य कार्यवाहीविषये प्रतिवेदनं जुलैमासस्य २ दिनाङ्कपर्यन्तं निदेशालयाय प्रस्तूयितुं अपि अनिवार्यं कृतम् अस्ति।

डीपीआईद्वारा जारीकृते आदेशे उक्तं यत् पूर्वं सवेषां शिक्षकाणां कृते नियमितरूपेण ई-उपस्थितिस्य अभिलेखनं अनिवार्यं कृतम् आसीत्। ई-उपस्थितेः अभिलेखं न कृत्वा ये शिक्षकाः सन्ति तेषां वेतनं निरुद्धं भविष्यति इति अपि स्पष्टीकृतम्। तदपि एतादृशानां शिक्षकाणां वेतनविधेयकानाम् अग्रे प्रेषणस्य उदाहरणानि प्रकाशं प्राप्तवन्तः, यत् सर्वकारीयनिदेर्शानां गम्भीरं उल्लङ्घनं मन्यते। लोकनिर्देशनिदेशालयेन निर्देशः दत्तः यत् एतादृशानां सवेषां प्रकरणानाम् अन्वेषणं तत्क्षणं करणीयम्, सम्बन्धितसमूहप्रधानाध्यापकानाम् विरुद्धं निलम्बनं वा विभागीयकार्यवाही वा आरब्धा भवतु। अस्य विषयस्य व्यक्तिगतरूपेण निरीक्षणं कर्तुं जिलाशिक्षापदाधिकारिणः संभागीयसंयुक्तनिदेशकान् च निर्देशः दत्तः अस्ति। विभागस्य अनुसारं राज्ये वर्तमानकाले औसतं ई-उपस्थितिः प्रायः ९० प्रतिशतं वर्तते, येन सर्वे शिक्षकाः निर्धारितव्यवस्थायाः पूर्णतया अनुपालनं न कुर्वन्ति इति सूचयति। निदेशालयेन उक्तं यत् ई-उपस्थितिव्यवस्था विद्यालयेषु शैक्षणिकक्रियाकलापानाम् निगरानीयता।

## राशिफल

**मेष** : आपके आस-पास के लोग सहयोगी रहेंगे और आपके प्रयासों की तारीफ की जाएगी। आज धन का आगमन होगा।

**वृषभ** : आपका देखभाल करने वाला स्वभाव काम आएगा। धैर्य रखने से आप कार्यों, रिश्तों और सेहत को आसानी से संभाल पाएंगे।

**मिथुन** : आज आपकी क्षमताएं बेहतरीन साबित हो सकती हैं, जो आपको समस्याओं का समाधान करने में मदद करती हैं।

**कर्क** : स्थिर और आत्मविश्वास से भरी प्रगति के लिए धैर्य रखें। समय-समय पर ब्रेक जरूर लेते रहें।

**सिंह** : जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें, क्योंकि सावधानी के साथ विचार करने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।

**कन्या** : आपके आस-पास के लोग आपकी सलाह ले सकते हैं, और आप दयालुता के साथ उन्हें ज्ञान प्रदान करेंगे।

**तुला** : देखभाल करने वाले दोस्तों के माध्यम से सरप्राइज मिल सकते हैं। आपका दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है।

**वृश्चिक** : लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वालों को आज ही प्रेम जीवन में आ रही दिक्कतों पर फोकस करना चाहिए।

**धनु** : समय पर काम ना पूरा होने से सीनियर्स या मैनेजमेंट की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। बाहर के खाने से परहेज करें।

**मकर** : पूरे दिन पॉजिटिव रहें। हाल ही में हुई किसी डील से भारी मात्रा में धन-लाभ हो सकता है।

**कुंभ** : योजना के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण क्लियर करेगा कि पर्सनल और प्रोफेशनल, दोनों प्रोजेक्ट्स में प्रगति कर सकें।

**मीन** : बेहतर करियर ग्रोथ के लिए प्रोफेशनल मौकों का उपयोग करें। आज आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें।

#### ज्योतिष/वास्तु

## सूर्य का कर्क राशि में गोचर, इन राशियों की चमक उठेगी किस्मत और होगा अचानक धन लाभ

ज्योतिष में सूर्य का गोचर बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। 16 जुलाई को सूर्य मिथुन राशि की यात्रा को विराम देते हए कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे कुछ राशियों को जबरदस्त लाभ होता मिलेगा।

ज्योतिष में सूर्य का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। सूर्य को सभी ग्रहों का राजा माना गया है और सूर्यदेव हर माह राशि परिवर्तन करते हैं, जिसे सूर्य संक्रांति के नाम से जाना जाता है। सूर्य जल्द ही राशि परिवर्तन करने वाले हैं। सूर्य अभी मिथुन राशि में हैं और कुछ दिनों के बाद यह कर्क राशि में गोचर होंगे। सूर्य के कर्क राशि में गोचर करने से देश-दुनिया के साथ-साथ सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर प्रभाव देखने को मिलेगा। पंचांग के अनुसार, सूर्य 16 जुलाई को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे जो इस राशि में 17 अगस्त तक रहेंगे। सूर्य के कर्क राशि में गोचर करने से कुछ राशि वालों को अच्छा लााभ मिलता हुआ दिखाई देगा। आइए जानते हैं कौन-कौनसी हैं भाग्यशाली राशियां।

16 जुलाई को सूर्य का मिथुन राशि से कर्क राशि में गोचर बहुत ही शुभ और अच्छा साबित हो सकता है। मिथुन राशि वालों की आर्थिक परेशानियां सूर्य के गोचर करने के साथ-साथ खत्म होंगी और आय के नए-नए अवसर प्राप्ति होंगे। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि के



योग बनेगा। इस दौरान अधूरे कार्यों में गति आएगी। नौकरीपेशा जातकों को कुछ नया करने का अवसर मिल सकता है। शुभ फलों की प्राप्ति होगी। इस दौरान सरकारी कामों में आपको सफलता मिल सकती है और कुछ नई योजना पर काम आगे बढ़ सकता है।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए 16 जुलाई को सूर्य का गोचर बहुत ही लाभकारी और अच्छा साबित होगा। करियर से जुड़े मामलों में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। नौकरी करने वाले जातकों को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। सूर्य के कर्क राशि में गोचर करने से आय में सुधार देखने को मिलेगा। जिन लोगों का कोई कानूनी मामला कोर्ट-कचहरी में लटका हुआ उनमें उनको जीत मिल सकती है। व्यापार करने वाले लोगों को व्यापार से जुड़ा कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। करियर-कारोबार के लिए लिहाज से सूर्य का गोचर अच्छा साबित हो सकता है।

**कन्या राशि** - 16 जुलाई को सूर्य का कर्क राशि में गोचर कन्या राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित होगा। सूर्य के गोर करने से आय में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल सकता है। जिन लोगों के करियर में किसी तरह की परेशानियां आ रही थी वह अब दूर होंगी। कुछ पुराने लेन-देन के मामलों में आपको थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी। अचानक से धन प्राप्ति के अच्छे योग बनेंगे। परिवार में खुशियां छाएगी।

**वृषभ राशि** - सूर्य का चंद्र के स्वामित्व वाली राशि में गोचर बहुत ही शुभ, फायदेमंद और लाभकारी रहने वाला है। सूर्य के गोचर करने से आपकी आय में जबरदस्त इजाफा होगा। अतिरिक्त आय में लगातार सुधार सूर्य के गोचर करने से होगा। जिन लोगों के जीवन में प्रेम संबंधों में कुछ कड़वाहट आ रही थी वह सूर्य के गोचर से दूर होगी। इस दौरान धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए सूर्य का गोचर बहुत ही शुभ और फायेदमंद साबित होगा। करियर-कारोबार में ऊंचाईयां हासिल करने में सूर्य के गोचर करने से आसानी होगी। इस दौरान आय में जबरदस्त इजाफा देखने को मिलेगा। धन के मामले में आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

#### फ्रांस के स्ट्राइकर वर्ल्ड कप में 7 गोल कर चुके, क्वार्टरफाइल में मोरक्को से मुकाबला

## एम्बापे के पास मेसी से आगे निकलने का मौका

ब्रह्मास्त्र ›› बोस्टन

फीफा वर्ल्ड कप 2026 आज रात पहला क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा। किलियन एम्बापे की फ्रांस का मुकाबला 'जायंट किलर्स' मोरक्को से होगा। मैच बोस्टन स्टेडियम में आज रात 1:30 बजे से खेला जाएगा। फ्रांस के स्ट्राइकर एम्बापे इस टूनार्मेंट में 7 गोल दाग चुके हैं। मेसी 8 गोल के साथ गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। अगर एम्बापे इस मैच में गोल करते हैं, तो वे मेसी को पीछे छोड़ देंगे।

फ्रांस और मोरक्को के बीच 6 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। इनमें फ्रांस का एकतरफा दबदबा रहा है। फ्रांस ने 4 मैचों में जीत दर्ज की है। मोरक्को को सिर्फ 1 में जीत मिली है। 1 मुकाबला ड्रॉ रहा है। फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में दोनों टीमें दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले 2022 के वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से शिकस्त दी थी। मोरक्को इस हार का बदला लेना चाहेगी।





### फ्रांस ने सभी मैच जीते

फ्रांस की टीम इस टूनार्मेंट में अजेय रही है। टीम ने अपने सभी 5 मुकाबले जीते हैं। ग्रुप स्टेज में फ्रांस ने नॉर्वे को 4-1, इराक को 3-0 और सेनेगल को 3-1 से हराया। राउंड ऑफ 32 में टीम का सामना स्वीडन से हुआ। इसमें टीम ने 3-0 से जीत दर्ज की। फिर राउंड ऑफ 16 में पैराग्वे को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची।

### मोरक्को भी अब तक अजेय

मोरक्को की टीम भी इस वर्ल्ड कप में अब तक कोई मैच नहीं हारी है। ग्रुप स्टेज में टीम ने हैती को 4-2 और स्कॉटलैंड को 1-0 से हराया। वहीं दिग्गज ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। राउंड ऑफ 32 में मोरक्को का सामना नीदरलैंड से हुआ। फुल टाइम तक मैच 1-1 से बराबर रहा। आखिरकार पेनल्टी शूटआउट में मोरक्कों ने 3-2 से जीत दर्ज की। राउंड ऑफ 16 में टीम ने कनाडा को 3-0 से हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई।

### एम्बापे की स्ट्राइक vs हकीमी का डिफेंस

फ्रांस की टीम एम्बापे से आक्रामक फिनिशिंग चाहेगी। उनपर मोरक्को के डिफेंस को तोड़ने की जिम्मेदारी होगी। दूसरी ओर मोरक्को स्टार डिफेंडर और कप्तान अचराफ हकीमी के दमपर फ्रांस के अटैक को रोकने उतरेगी। हालांकि मैच में फ्रांस का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है।

### दोनों टीमों की पॉसिबल स्टार्टिंग-11:

**फ्रांसः** माइक मैग्नन, जूल्स कौंडे, उपामेकानो, विलियम सलीबा, थियो हर्नांडेज, चुआमेनी, एड्रियन रैबियो, माइकल ओलिस, उस्मान डेमबेले, बाकोर्ला, किलियन एम्बापे।

**मोरक्कोः** यासीन बोनो, अचराफ हकीमी, नायेफ अगुएर्ड, रोमन सिस, नुसैर मजरौई, सोफयान अमराबत, अजेदीन औनाही, सेलिम अमल्लाह, हाकिम जियेच, यूसुफ एन-नेसिरी, सोफियान बौफाल।

## भारत के सामने सीरीज बचाने की चुनौती

ब्रह्मास्त्र ›› ब्रिस्टल

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला गुरुवार को ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय के हिसाब से रात 10 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड सीरीज में 2-0 से आगे है। पहला मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था, जबकि दूसरे और तीसरे टी-20 में मेजबान टीम ने जीत दर्ज की थी।

भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो का है। हार मिलते ही टीम सीरीज गंवा देगी। 2018-19 के बाद यह पहला मौका होगा, जब भारत लगातार दो टी-20 सीरीज हार सकता है।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने अपने शुरूआती दो टी-20 इंटरनेशनल मुकाबलों में 14 और 13 रन बनाए हैं। यानी अब तक 2 मैचों में सिर्फ 27 रन ही बना सके हैं। टी-20 कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर अब तक एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं जीत सके हैं।

## संजू बाहर नहीं, एशियन गेम्स टीम में पहले से शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

संजू सैमसन को भारतीय टीम से बाहर नहीं किया गया है। सिलेक्शन और टीम मैनेजमेंट ने 2028 टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू कर दी है। इसी योजना के तहत जिम्बाब्वे दौरे पर विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को मौका दिया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बोर्ड ने इस फैसले की जानकारी संजू को भी दे दी है। वे सितंबर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए पहले से ही भारतीय टीम में शामिल हैं। एक दिन पहले बीसीसीआई ने 23 से 26 जुलाई तक जिम्बाब्वे में होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया था। इसमें टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन को जगह नहीं मिली थी।

**एशियन गेम्स के लिए भारतीय टी-20 टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल,



वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वे सीरीज में नए खिलाड़ियों को मौका-** सिलेक्शन कमेटी ने जिम्बाब्वे सीरीज में नए प्लेयर्स को मौका दिया है। प्रभसिमरन सिंह, यश ठाकुर, अशोक शर्मा और हर्ष दुबे को पहली बार टी-20 टीम में चुना गया है। रिंकू सिंह और मयंक यादव की वापसी हुई है।

जिम्बाब्वे में चयनकर्ताओं ने प्रभसिमरन सिंह को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने का फैसला किया। प्रभसिमरन ने पिछले दो आईपीएल सीजन में पंजाब किंग्स के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2025 में 579 रन बनाए थे, जबकि इस सीजन 14 मैचों में 510 रन बनाए।

## खबर एक नजर...

### ऑनलाइन गेम में 2 लाख हारने पर खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** मक्सीरोड पुराना नाका क्षेत्र में रहने वाला अक्षय पिता मुकेश सेठिया 28 साल ई-रिक्शा चलाता है। उसे मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने का शौक था। गेम में 2 लाख रुपए हारने के बाद वह तनाव में आ गया। बुधवार शाम उसने कोठीरोड क्षेत्र में जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे कुछ लोगों ने चरक अस्पताल पहुंचाया। मक्सीरोड का निवासी होने पर ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी। प्रधान आरक्षक अनिल पाल अस्पताल पहुंचे और बयान दर्ज किये, ऑनलाइन गेम में रुपए हारने पर उसने गेहूं में रखने वाली सल्फास खाना बताया। रिक्शा चालक की हालत गंभीर होने पर उसके मरन्नासन बयान तहसीलदार स्तर पर दर्ज कराये गये है।

### गंदी बात का विरोध किया तो बोतल से किया हमला

**उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र कहारवाड़ी स्थित होटल शिवसागर एनएक्स में रोटी बनाने का काम करने वाली सुमन कुशवाह की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने रौनक और हरिओम के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है। सुमन कुशवाह के सिर में चोंट लगी होने पर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। घायन सुमन ने बताया कि वह मंगलवार रात 11 बजे होटल में रोटी बना रही थी। तभी होटल में काम करने वाले रौनक और हरिओम उसके सामने गंदी-गंदी बाते कर रहे थे। उसने विरोध किया तो अभद्रता करने लगे। कुछ देर बाद से पति लेने होटल पहुंचा तो उनकी करतूत बताई। पति ने समझाने का प्रयास किया तो दोनों झूमाझटकी करने लगे। दोनों से पति को बचाने का प्रयास किया तो रौनक ने कांच की बोतल से उसके सिर पर हमला कर दिया। घायल होने पर पति अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी होटल से भाग निकले थे। जिनकी तलाश जारी है।

### फेरी लगाकर शराब बेच रहा था बाइक सवार युवक

**उज्जैन।** शहर में शराब प्रतिबंधित होने के बाद अवैध कारोबार करने वाले नये-नये तरीकों से शराब बेचने का काम कर रहे है। माधवनगर थाना पुलिस ने बीती रात देसाईनगर में फेरी लगाकर शराब बेच रहे बाइक सवार को पकड़ा। उसके पास से 61 क्वार्टर देशी शराब के साथ 8550 रुपए नगद और बाइक क्रमांक एमपी 09 बीजे 4088 जप्त की गई। प्रधान आरक्षक हरीश चौहान ने बताया कि गिरफ्त में आया युवक दीपक पिता शुभम सूर्यवंशी 24 साल निवासी राजीवगांधी नगर दमदमा का रहने वाला है। वह इंदौर-देवास के रास्ते शराब उज्जैन तक लाता है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। विदित हो कि पूर्व में माधवनगर थाना पुलिस शराब की होम डिलेवरी करने वाले युवक को दशहरा मैदान क्षेत्र से गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं आबकारी विभाग ने भी माधवनगर थाना क्षेत्र के एक मकान पर दबिश देकर घर से अवैध शराब बेचने वाले दंपति को पकड़ा था।

### तारामंडल के पास घूम रहे युवक के पास मिला गांजा

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण पर निकले नानाखेड़ा थाना एएसआई देवकरण परमार ने मंगलवार-बुधवार रात 12 बजे के लगभग तारामंडल के पास एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते देखा तो उसे रोक पूछताछ की। युवक बरगलाने का प्रयास करने लगा। एएसआई ने टीम के साथ उसे कस्टडी में लिया और तलाशी ली उसके पास से सौ ग्राम गांजा बरामद हो गया। थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। पूछताछ में युवक का नाम दर्शन पिता दीपक गुप्ता निवासी चाणक्यपुरी सामने आया। जिसे पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि गांजा कहां से लेकर आता है।

### नानाखेड़ा बस स्टेंड से मिली इंदौरी व्यक्ति की लाश

**उज्जैन।** नानाखेड़ा बस स्टेंड परिसर में बुधवार सुबह एक व्यक्ति की लाश पड़ी होने की खबर पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये गये और उसके कपड़ों की तलाशी ली गई। उसके पास से आधार कार्ड मिला, जिस पर नाम भगवानसिंह पिता लालचंद 42 साल निवासी राजोदा इंदौर अंकित था। आधार कार्ड से उसकी जानकारी जुटाकर परिजनों को सूचना दी गई और बॉडी को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई और शव पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। दोपहर में परिजनों के आने पर सामने आया कि भगवानसिंह मजदूरी करता था, वर्तमान में पंवासा क्षेत्र में का कर रहा था। संभवतः इंदौर आने के लिये बस स्टेंड पहुंचा था, परिजनों का कहना था कि उसे पहले अटैक आ चुका था। प्रधान आरक्षक संदीपसिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण सामने आ पायेगा।

### निमार्णाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरा मिस्त्री

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम लिम्बादित में रहने वाला राजाराम उर्फ राजेश पिता लालूजी 35 साल मिस्त्री का काम करता है। वह मक्सीरोड पंवासा क्षेत्र में मकान निर्माण का कार्य करने आया हुआ था। बुधवार शाम को निमार्णाधीन मकान की दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। बेलदारी करने वाला जगदीश राठौर उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने अंदरूनी चोंट होने पर उसे उपचार के लिये भर्ती किया और पंवासा थाना पुलिस को सूचना दी। जानकारी यह भी सामने आई कि करंट का झटका लगने पर वह नीचे गिरा है। उसके बयान दर्ज होने पर घटना की सही वजह सामने आ पायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 277-6 | 478-9 |
| मेन बाजार | 459-8 | 470-1 |
| मिलन डे | 160-7 | 137-1 |
| मिलन नाइट | 790-6 | 177-9 |

1 4 6

---

मेडिकल परीक्षण के दौरान धोखाधड़ी का आरोपी पुलिस को चकमा देकर चरक अस्पताल से भाग निकला

# कूदने के प्रयास में हुआ घायल, 3 घंटे तक चली सर्चिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मेडिकल परीक्षण के दौरान बुधवार दोपहर धोखाधड़ी का आरोपी पुलिस को चकमा देकर चरक अस्पताल से भाग निकला था। उसकी तलाश में सर्चिंग शुरू की गई। 3 घंटे बाद उसे एक धर्मशाला से गिरफ्तार कर लिया गया। कूदकर भागने के प्रयास में आरोपी घायल हुआ था। जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने जून माह में अंकित वर्मा की शिकायत पर कानीपुरा तिरूपतिधाम कालोनी में मकान का सौदाकर 5 लाख रुपए हड़पने वाले दलाल नीरज श्रीवास्तव निवासी इंदिरानगर और मकान में रहने वाली जयश्री पति स्व. कैलाश मालवीय और उसके पुत्र राहुल मालवीय के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था। तीनों आरोपी मई माह के अंतिम सप्ताह से प्रापर्टी धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में बंद थे। अंकित की शिकायत पर तीनों को 3 दिनों की प्रोटेक्शन रिमांड पर चिमनगंज थाना पुलिस पूछताछ के लिये थाने लाई थी। बुधवार दोपहर तीनों को मेडिकल चैकअप के लिये चरक अस्पताल ले जाया गया। जहां से दलाल नीरज श्रीवास्तव ने हाथ में बंधी रस्सी खोली और भाग निकला। आरोपी के भागने की खबर से हडकंप मच गया। चिमनगंज थाना पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुट गई। करीब 3 घंटे बाद शाम 4 बजे पता चला कि वह पुराने त्रिमूर्ति टॉकिज के पास बैस राजपूत धर्मशाला में छुपा है। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने एसआई सुरेन्द्र मंडलोई, एएसआई दिनेश सरोठिया, प्रधान आरक्षक मंगल टैगोर, आरक्षक आनंद मिश्रा, अभिषेक राठौर, मनोज मोहवे, रवि पटेल की टीम को अलर्ट किया और धर्मशाला की घेराबंदी कर अभिरक्षा से भागे आरोपी को दबोच लिया। उसने कूदकर भागने का प्रयास किया था। जिसके चलते घायल हुआ था। उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। थाना प्रभारी कनोड़िया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अभिरक्षा से भागने का प्रकरण दर्ज किया गया है। गुरूवार दोपहर तीनों को कोर्ट में पेश किया जायेगा।



#### खाते में 5 करोड़ का ट्रांजेक्शन

कुछ साल पहले राहुल मालवीय उस वक्त चर्चा में आया था, जब उसके खाते में 5 करोड़ का ट्रांजेक्शन बैंक द्वारा उजागर किया गया था। चाय की दुकान पर काम करने वाले राहुल के खाते में करोड़ा का ट्रांजेक्शन काफी चर्चा का विषय बना था। उसने खाते में आये रूपयों से तिरूपतिधाम में मकान खरीदा था। जिसका सौदा वह अब लोगों से बार-बार कर धोखाधड़ी कर रहा है।

#### जीजा को कॉल कर बोला लेने आ जाओ

आरोपी के भागने पर पुलिस ने परिवार के लोगों को पूछताछ के लिये थाने बुलाया लिया था। उसके ठिकानों की जानकारी प्राप्त की जा रही थी, वहीं परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल लिये गये थे। शाम 4 बजे आरोपी ने किसी से मोबाइल लेकर जीजा के मोबाइल पर कॉल किया और कहा कि लेने आ जाओ, पुलिस ने योजना बनाई और जीजा के माध्यम से पता पूछकर धर्मशाला की घेराबंदी कर दी।

#### शातिर है धोखाधड़ी करने वाले मां-बेटे

कानीपुरा तिरूपतिधाम कालोनी में रहने वाली जयश्री मालवीय और उसका पुत्र राहुल काफी शातिर प्रवृति के है। दोनों नीरज श्रीवास्तव के साथ मिलकर कई लोगों से अपने मकान का सौदा कर चुके है। नीरज खुद को प्रापर्टी डीलर बताकर मकान खरीदने वालों को मां-बेटे से मिलवाता था और सौदा होने पर 2 प्रतिशत कमीशन मांग लेता था। मई माह में तीनों ने मिलकर सांदीपनी नगर में रहने वाले भगवतीसिंह परमार से 17 लाख में सौदा तय कर 6 लाख रुपए लिये थे। रजिस्ट्री नहीं कराने पर भगवतीसिंह की शिकायत पर पुलिस ने तीनों को जेल भेजा था।

---

# रात 11 बजे त्रिवेणी की छोटी रपट से क्षिप्रा में गिरे बाइक सवार दंपति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

त्रिवेणी स्थित छोटी रपट पर रात 11 बजे हादसा हो गया। बाइक सहित दंपति क्षिप्रा नदी में जा गिरे। पति ने दिव्यांग पत्नी को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसकी जान नहीं बचा सका। इस दौरान कुछ लोग एकत्रित हुये और दोनों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया।

**डूबने से दिव्यांग पत्नी की मौत, पति ने बचाने का किया था प्रयास**

इंदौररोड त्रिवेणी स्थित छोटी रपट से बाइक सहित क्षिप्रा नदी में गिरे दंपति को आटो वाला चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। डॉक्टरों ने बेसुध हालत में लाई गई महिला का परीक्षण किया तो उसकी मौत होना सामने आया। जानकारी लेने पर सामने आया कि महिला का नाम रीतू 28 साल है। वह पति पवन के साथ बाइक पर सवार थी। पति पवन की हालत ठीक थी, उसने बताया कि वह ग्राम कोठडी कालापीपल शाजापुर के रहने वाले है। रीतू एक पैर से दिव्यांग थी, उसका कहना था कि उसने रीतू को बचाने का प्रयास किया लेकिन वह डूब गई थी बावजूद उसे बाहर निकालने का प्रयास करता रहा। इस दौरान कुछ लोग एकत्रित हो गये थे, उन्होने दोनों को बाहर निकाला। पत्नी का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाने के बाद पति राजेन्द्र नगर में रहने वाले अपने भाई के घर चला गया।

अस्पताल स्टॉफ द्वारा मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रपट से गुजरते समय सामने से आये वाहन की हेडलाइट की रौशनी में बाइक सवार दंपत्ति का संतुलन बिगड़ने से घटनाक्रम हुआ है। एक टीम रात 12 बजे के लगभग घटनास्थल पर जांच के लिये रवाना की गई है। पति से चर्चा कर घटनाक्रम को स्पष्ट किया जायेगा और इस बात का पता लगाया जायेगा कि रात में दोनों कहां से आ रहे थे और कहां जा रहे थे। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया जा रहा है। सुबह पोस्टमार्टम कराकर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

---

जांच के लिये पहुंचे थे, शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज

# होटल में फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर के आसपास होटलों में फायर सेफ्टी की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नगर निगम के सेफ्टी अधिकारी एक होटल में पहुंचे थे। इस दौरान होटल संचालक के पुत्र ने अधिकारी के साथ अभद्रता करते हुये दस्तावेज फेंक दिया और एक के बाद एक चार चांटे रसीद कर दिये। पुलिस ने मामले में शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया है।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि नगर निगम की टीम महाकाल मंदिर क्षेत्र की होटल, लॉजों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी की जांच का अभियान चला रही है। बुधवार को प्रभारी फायर अधिकारी लक्ष्मणप्रसाद साहू टीम के साथ जयसिंहपुरा स्थित मां पीताम्बरा होटल रेसीडेंसी जांच के लिये पहुंचे थे। इस दौरान उनका साथी कर्मचारी आशीष भाटी जांच अभियान के लिये पुलिस बल लेने महाकाल थाने चला गया। इस बीच फायर अधिकारी ने अपनी जांच का काम शुरू करते हुये। होटल के रिसेप्शन पर मौजूद कर्मचारी से फायर एनओसी के साथ फायर ऑडिट रिपोर्ट दिखाने और भवन अनुमति संबंधित दस्तावेज मांगे। कर्मचारी ने होटल मालिक मनोहरलाल अरोन्या को जांच टीम के आने की जानकारी दी। होटल मालिक का पुत्र विकास अरोन्या वहां पहुंचा और उसने फायर सेफ्टी अधिकारी साहू के साथ अभ्रदता शुरू कर दी। उसने उनका आई कार्ड चैक किया और काउंटर पर रखे दस्तावेजों के साथ उनका वायरलेंस सेट फेंक दिया। अधिकारी द्वारा विरोध किया गया तो विकास अरोन्या ने एक के बाद एक चार चांटे रसीद कर दिये।



लक्ष्मणप्रसाद साहू ने तत्काल सहायक आयुक्त अग्निशमन राघवेंद्र सिंह पालिया, उपायुक्त संजेश गुप्ता, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और अपर आयुक्त संतोष टैगोर को मामले की जानकारी दी। वहीं अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत दर्ज कराने महाकाल थाने पहुंचे। इस बीच मारपीट करने वाला होटल संचालक का पुत्र भाग निकला था। पुलिस ने विकास अरोन्या के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा के साथ मारपीट, अभ्रदता करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि नगर निगम फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ मारपीट करने वाले की गिरफ्तारी के लिये एक टीम गठित की गई है। होटल संचालक और उसके परिवार से संपर्क कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। जल्द आरोपी गिरफ्त में होगा।

---

# मिट्टी धंसने से नाले में गिरा सीमेंट से भरा ट्रक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एमआर-5 मार्ग पर बुधवार सुबह मिट्टी धंसने पर सीमेंट की बोरियों से भरा ट्रक नाले में गिर गया। घटनाक्रम में लाखों की सीमेंट खराब हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले भी ऐसा ही हादसा हुआ था और टाईल्स से भरा ट्रक पलट गया था।

राजस्थान के मोड़क से अंकित पिता तुलसीराम ट्रक में सीमेंट की 840 बोरियां भरकर बुधवार तड़के उज्जैन पहुंचा था। उसे सीमेंट एमआर-5 मार्ग पर शिवशक्ति ट्रेडर्स पर खाली करना थी। उसने वहां पहुंचकर सड़क किनारे ट्रक को खड़ा किया और शिवशक्ति ट्रेडर्स के मालिक प्रेम मीणा को कॉल किया। प्रेम मीणा के आने से पहले ही जहां ट्रक खड़ा था, वहां की मिट्टी धंस गई और ट्रक पास खले में नाले में पलटी खा गया। ट्रक के साथ सीमेंट की बोरियां भी नाले के पानी में डूब गई। प्रेम मीणा ने बताया कि उन्हे लाखों का नुकसान हुआ है। मार्ग निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा नाले के आसपास पक्का निर्माण नहीं किया है। बारिश के चलते नाले के पास मिट्टी धंस रही है। कुछ दिन पहले टाईल्स का ट्रक पलट गया था। नाले में ट्रक गिरने की सूचना पर चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। ट्रक को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।



---

# बाइक चोरी के बाद मंदिर में दिया था वारदात को अंजाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तराना में बाइक चोरी करने के बाद मंदिर में वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे पूछताछ कर चोरी का माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

तराना थाना क्षेत्र के महेश मार्केट से 5 जुलाई को बाइक क्रमांक एमपी 42 एमएफ 1880 अज्ञात बदमाश ने चोरी कर ली थी। पुलिस ने गोपाल यादव निवासी ग्राम पाचारुंडी आगर-मालवा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। उसी दिन रात में ग्राम इटावा स्थित श्री पूर्वमुखी हनुमान महादेव मंदिर में भी चोरी की वारदात सामने आई। समभाव पिता तकेसिंह पाटीदार ने मामले की शिकायत दर्ज कराई और बताया कि बदमाश मंदिर से पूजा-अर्चना में प्रयुक्त पीतल एवं तांबे के धार्मिक बर्तन, जलाधारी घड़ा, पूजा की थालियां, पूजन सामग्री जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपए है, चुराकर ले गया है। चोरी के दो मामले सामने आने के बाद थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने टीम गठित की और वारदात करने वालों की तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्य और मुखबीर तंत्र से सूचना मिलने पर बुधवार को भगवान पिता नारायणसिंह 35 साल निवासी ग्राम बरोठिया थाना माकड़ोन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने दोनों वारदात करना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार उससे चोरी की बाइक बरामद कर ली गई है। मंदिर से चोरी किया सामान बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे शाजापुर में बेचा गया है।

---

## व्याख्याताओं ने उठाई समान अधिकार और आमंत्रण की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे भोपाल के रवीन्द्र भवन में अतिथि विद्वानों के स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। भारतीय मजदूर संघ के संरक्षण तथा डॉ. देवराज सिंह व डॉ. हेमराज टैगोर के संयोजन में होने वाले इस आयोजन में उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों को बुलाया गया है। इस बड़े कार्यक्रम में आमंत्रण न मिलने से तकनीकी विभाग के अतिथि व्याख्याताओं में भारी रोष है। उन्होंने इस विसंगति का विरोध करते हुए खुद को भी कार्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग उठाई है।

तकनीकी अतिथि व्याख्याताओं का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में हुई महापंचायत में अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं को एक समान माना गया था। उस समय दोनों ही वर्गों के लिए प्रति कार्य दिवस 2000 रुपये मानदेय की घोषणा एक साथ की गई थी। सभी संगठनों को एक ही श्रेणी में रखा गया था, लेकिन अब तकनीकी शिक्षा से जुड़े व्याख्याताओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

---

# जांच के बाद पता चलेगा मजदूर को कैसे लगा करंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कान्ह डायर्वसन में काम करने वाले बिहार के मजदूर की बुधवार सुबह लाश मिली। पोस्टमार्टम के दौरान उसकी पीठ जली दिखाई दी। डॉक्टरों ने करंट लगाना बताया। पहले माना जा रहा था कि उसे दिल का दौरा पड़ा है। लेकिन अब जांच के बाद पता चलेगा कि करंट कैसे लगा।

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में आनंद पिता रामश्रेय पंड़ित 29 साल निवासी सिवान बिहार की लाश मिली सुबह मिली। आनंद 50 मजदूरों के साथ कान्ह डायवर्सन प्राजेक्ट में काम करने आया था और नलवा स्थित कंपनी के कैम्प में रूका था। मजदूरों ने बताया कि रात में खाना खाकर सोया था, सुबह बाहर उसकी लाश मिली। सभी ने आशंका जताई कि उसे हार्ट अटैक हुआ होगा। उसे चकर अस्पताल लाया गया, इमरजेंसी में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम कक्ष भेजा। चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि मजदूर की मौत होने की सूचना मिलने मर्ग कायम किया गया और दोपहर में पोस्टमार्टम के लिये पहुंचे। इस दौरान मृतक की पीट पर जलने के निशान दिखाई दिये। डॉक्टरों से परामर्श करने पर पता चला कि उसे करंट लगा है। लेकिन यह पता नहीं चला कि करंट कैसे लगा है। पोस्टमार्टम के बाद घटनास्थल की जांच शुरू कर करंट लगाने की वजह पता करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

---

नौगावां के जंगल में लगाई थी कच्ची शराब बनाने की भट्टी

# दबिश में 10 लीटर शराब के साथ मिला महुआ लहान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नौगावां के जंगल में हाथभट्टी पर कच्ची शराब बनाये जाने की खबर मिलने पर भाटपचलाना थाना पुलिस की टीम ने बुधवार को दबिश मारी। मौके से 10 लीटर शराब से भरी केन के साथ एक हजार किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी का प्रकरण दर्ज किया है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि कुछ दिनों से नौगावां के जंगल में कच्ची शराब बनाये जाने की खबर मिल रही थी, पुलिस जंगल में ठिकाना पता लगाने के प्रयास कर रही थी। बुधवार को पुख्ता सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक शैलेन्द्रसिंह सिसोदिया, आरक्षक जीवन जाट, हितेश निम्बोला, विजय जाट, मुकेश नागर और उदयसिंह यादव के साथ दबिश दी गई। मौके से शराब बनाने वाले श्यामलाल पिता पन्नालाल 34 साल निवासी ग्राम नौगांवा को हिरासत में लिया गया। उसने 10 लीटर कच्ची शराब तैयार कर केन में भरकर रखी थी। वहां से शराब बनाने के लिये रखा एक हजार किलोग्राम महुआ लहान मिला। पुलिस टीम ने भट्टी को नष्ट कर सभी उपकरण और सामग्री बरामद कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है। जिसे गुरूवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेजा जायेगा।



#### झाबुआ से लाता था महुआ लहान

थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह काफी समय से जंगल में छुपकर शराब बनाने का काम कर रहा था। शराब बनाने के लिये महुआ लहान झाबुआ से खरीदकर लाता है। जिसे कई दिनों तक पानी में गलाकर सड़ाता था और फिर भट्टी पर उबालकर उससे शराब तैयार करता था। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी 2 अपराध दर्ज होना सामने आये है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com